RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 206 | ग्वालियर शुक्रवार 7 मार्च 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए


THOUGHT YOGA

# जगद्गुरु

## पदारोहण पट्टाभिषेक महामहोत्सव

## निमित्त हार्दिक आमंत्रण

**09 मार्च, 2025 दोपहर 3 बजे**

**सम्माननीय बंधु प्रवर सह परिवार,**

कृष्णगिरी पीठाधीश्वर श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य अनंत श्री विभूषित पूज्यपाद **श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज** माघ पूर्णिमा 12 फरवरी 2025, बुधवार को पंचदशनाम जूना अखाड़ा द्वारा 'जगद्गुरु' पद पर सुशोभित हुए हैं।

इस पावन उपलक्ष्य में पट्टाभिषेक महामहोत्सव एवं पूज्यपाद का 56 वां अवतरण दिवस 09 मार्च 2025, रविवार को दोपहर 3 बजे मनाया जाएगा। इसी दिन 16 दिवसीय यज्ञ की पूर्णाहुति आदि धार्मिक अनुष्ठान भी सम्पन्न होंगे।

**कार्यक्रम की रूपरेखाः**

- सुबह 9 बजेः श्री भैरव पद्मावती विशेष महापूजन
- सुबह 11 बजेः श्री रुद्रयज्ञ, श्री भैरव पद्मावती महायज्ञ एवं 16 दिवसीय यज्ञ की महापूर्णाहुति
- दोपहर 3 बजेः जगद्गुरु पदारोहण पट्टाभिषेक महोत्सव का प्रारम्भ

स्थान: श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ
**कृष्णगिरी तीर्थधाम, तमिलनाडु**
सदनपल्ली, सुंदमपट्टी पोस्ट, ओरप्पम,
कृष्णगिरी डिस्ट्रिक्ट, पिन: 635 108 (तमिलनाडु)



परमहंस परिव्राजकाचार्य अनंत श्री विभूषित
कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद
श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज

आप सह परिवार सादर आमंत्रित हैं

श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ

## कर्नाटक की राजधानी बेंगलोर शहर में

## नौ दिवसीय श्री भैरव पद्मावती आराधना-साधना-यज्ञ महा महोत्सव

**दि. 14 मार्च शुक्रवार 2025 से दि. 22 मार्च 2025 तक**

आदरणीय भक्तगण, सादर जय जिनेन्द्र - जय गुरुदेव।

आप सभी को सूचित करते हुए हमें हार्दिक प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि कृष्णगिरी पीठाधीश्वर श्रीमत् परमहंस, परिव्राजकाचार्य, अनंत विभूषित, जगत्गुरु पूज्यपाद श्री श्री 1008 आचार्य श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज प्रयागराज महाकुंभ में संत परंपरा में विश्व के सर्वोच्च पद जगद्गुरु से अलंकृत होने पश्चात् प्रथम बार कर्नाटक प्रदेश की राजधानी फूलों की नगरी बेंगलोर में हम सभी गुरुभक्तों की 15 वर्षो से चली आ रही विनंती को स्वीकार कर पधार रहे हैं। इस अवसर पर प्रतिदिन प्रातः साधना-महापूजा, मध्यान्ह में जीवन विकास हेतु अद्भुत कथा प्रवचन एवं सायं महाकल्याणकारी यज्ञ-हवन आदि विभिन्न आध्यात्मिक - सामाजिक - जन कल्याणकरी कार्यक्रम नौ दिन तक गतिमान रहेंगे। इन सभी कार्यक्रमों में आप ईष्ट मित्र - बंधुजन सहित पधारकर गुरु दर्शन-प्रवचन श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं एवं गुरु कृपा - आशीर्वाद प्राप्त कर अपने सौभाग्य को जगाएं।

**कार्यक्रम समय सारणी**

साधना : महापूजा : प्रातः 10 बजे से
जीवन विकास हेतु अद्भुत प्रेरक कथा : प्रवचन मध्यान्ह 3 बजे से
महामंगलकारी यज्ञ : हवन विधान : सायं 7 बजे से
भोजन प्रसाद : दोपहर 12 से 2.30 एवं सायं 5 से 6.30 बजे

भोजन व्यवस्था स्थल
**दासप्पा कल्याण मंडपम्**
वर्षारुथ रोड, वी पुरम् एक्सटेंशन
गवीपुरम्, कैम्पैगौड़ा नगर
बेंगलोर - 560019

Location

**पूज्य गुरुदेव - दर्शन स्थल**
**मातृ छाया**
नं. 173, डॉ. चिन्न मंगला रोड़
गवी पुरम् एक्सटेंशन, हनुमंतनगर, बेंगलोर - 560019

THOUGHT YOGA
YouTube

संपर्क सूत्र : चन्दूलाल गांधी : 9448619674, लोहित गांधी : 9844712413, कन्हैयालाल ओस्तवाल : 9844237412
बन्सीलाल पीतलिया : 9341614422, बाहर गांव से आने वाले दर्शनार्थी गुरु भक्तों के लिए : 9051390513

**निवेदक : श्री कृष्णगिरी भैरव - पद्मावती भक्त मंडल, बेंगलोर**

# ज्ञानतीर्थ पर बनेगा जैन संत ज्ञानसागर का भव्य जिनालय, चंद्रप्रभु जिनालय एवं ज्ञान गुरु मंदिर की रखी गई आधारशिला

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
पंकज जैन

**मुरैना।** छाणी परम्परा के षष्ट पट्टाचार्य सराकोद्धारक जैनाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के भव्य मंदिर निर्माण की आधारशिला श्री ज्ञानतीर्थ क्षेत्र में भव्य आयोजन के साथ रखी गई ज्ञानतीर्थ परिवार के ट्रस्टी श्री योगेश जैन (खतौली वाले) दिल्ली प्रदत्त जानकारी के अनुसार जैन तीर्थंकर श्री चंद्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर ए.बी.रोड हाइवे पर स्थित श्री ज्ञानतीर्थ क्षेत्र पर पूज्य गुरुदेव सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर सागर जी महाराज के आशीर्वाद, गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी, ब्रह्मचारिणी बहन मंजुला दीदी के निर्देशन एवं प्रतिष्ठाचार्य पंडित जयकुमार जी निशांत टीकमगढ़, नितिन भैयाजी खुरई के आचार्यत्व में श्री 1008 चंद्रप्रभु जिनालय की आधारशिला श्रीमती चंद्रकांता जैन, बृजेश जैन, राजेश जैन, यतीश जैन , मनोज जैन, पंकज जैन मेडिकल वाले परिवार मुरैना एवं ज्ञानसागर गुरु मंदिर की आधार शिला खेकड़ा वाले श्री आनन्द जैन, राहुल जैन, रजत जैन सूर्य नगर गाजियाबाद के करकमलों द्वारा रखी गई । इस पावन अवसर पर जैन तीर्थ सम्मेद शिखरजी में ज्ञानसागर गुरु मंदिर बनाने की घोषणा आगरा निवासी श्री मुकेश जैन कोलतार बिटूमैन ने परिवार द्वारा की गई। शिलान्यास समारोह में ध्वजारोहण श्री मुकेश जैन विटूमेन आगरा, चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन श्री बकीलचंद जैन खैकड़ा परिवार, श्री सतेंद्र जैन बुढ़ाना वाले, ग्वालियर संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन सहित अथिति श्रावक श्रेष्ठियों द्वारा किया गया । आचार्य श्री ज्ञानसागर जी के चरणों का पाद प्रक्षालन का सौभाग्य जैन मित्र मंडल की ओर से टिकटोली के अध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, पूर्व अध्यक्ष महेशचंद बंगाली सहित सभी सदस्यों, पवन बृजेश जैन विवेक बिहार, टीनू जैन दिल्ली को प्राप्त हुआ ।शिलान्यास समारोह में शिला रखने का सौभाग्य सर्वश्री राजेंद्र जैन भंडारी, एडवोकेट दिनेश जैन, पवन जैन रतिराम पुरा, महेशचंद जैन बंगाली, ऋषभ जैन दिल्ली, राजेंद्र जैन एडवोकेट ग्वालियर, प्रवेश जैन दिल्ली, बकीलचंद जैन गाजियाबाद, सुमति जैन दिल्ली,








सुमेदीलाल दिनेशचंद खबरोली, मोतीराम तेजसिंह मुरैना नरेशभूषण जैन दिल्ली, सतीश जैन प्रीति होजरी दिल्ली, प्रेमचंद जैन बंदना साड़ी, राजेश जैन हलुआ को प्राप्त हुआ । कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी भक्तों ने पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की अष्टद्रव्य से पूजन की । इस अवसर जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु जी का प्रथम निर्वाण लाडू अर्पित करने का सौभाग्य योगेशकुमार मोहित जैन खतौली वाले परिवार को प्राप्त हुआ । इस अवसर पर ब्रह्मचारी श्री नवीन भैयाजी बड़ागांव, ब्रह्मचारिणी बहन प्रियंका दीदी जहाजपुर, श्रीमती बंदना जैन (डिप्टी कलेक्टर ग्वालियर) नेतराम रूपेश जैन, सोनू जैन, राजू जैन धौलपुर, मुरार जैन समाज अध्यक्ष दिनेश जैन (ऐसाह वाले), मंत्री देवेंद्र जैन सहित दिल्ली, बड़ौत, ग्वालियर, अंबाह, बानमौर, धौलपुर, मेरठ, गाजियाबाद सहित सम्पूर्ण भारतवर्ष से गुरुभक्त उपस्थित थे।

**जैन मित्र मंडल का रहा विशेष योगदान :-**

नवीन जिनालय शिलान्यास समारोह में जैन मित्र मंडल मुरैना का विशेष योगदान रहा । मित्र मंडल के मुख्य संयोजक सतेंद्र जैन एवं संयोजक प्रवीण जैन बड़े चैटा वाले के सान्निध्य में मित्र मंडल के 60 से अधिक सदस्यों ने स्वल्पाहार, भोजन, परिवहन व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं में अपना सहयोग प्रदान किया । सभी सदस्यों को पूज्य गुरुदेव ज्ञानसागर महाराज के चरणों का पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त हुआ । ज्ञानतीर्थ कमेटी ने जैन मित्र मंडल के सहयोग को सराहनीय एवं प्रशंसनीय बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया ।

**1008 यात्रियों का समूह जाएगा सम्मेद शिखर जी :-**

इस पावन अवसर पर जैन मित्र मंडल ने 1008 यात्रियों को इसी वर्ष सम्मेद शिखर जी की यात्रा कराने की घोषणा की । स्वस्तिधाम प्रणेत्री गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण मति माताजी के आशीर्वाद एवं मार्ग निर्देशन में तीर्थराज सम्मेद शिखर जी की यात्रा निकाली जाएगी । जिसमें 1008 यात्री सम्मिलित होगें । शिखर जी में आचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज के सान्निध्य में एक शाम गुरुवर के नाम भजन संध्या एवं सामूहिक सम्मेद शिखर जी पर्वत की बंदना की जाएगी ।

# डिजिटल साक्षरता के लिए युवा भारत सरकार का एक सार्थक संकल्प एक सार्थक मिशन : डॉ शशि बल्लभ शर्मा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
पंकज जैन

**अम्बाह ।** दिनांक 6 मार्च 2025 को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किला अंबाह के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस में बौद्धिक सत्र कार्यक्रम में मुरैना जिले के जिला संगठक आदरणीय डॉक्टर शशि बल्लभ शर्मा जी स्वशासी महाविद्यालय अंबाह के वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक दिनेश शर्मा जी और राजीव गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबाह के संचालक श्री महेश जैन विकल जी तथा किला विद्यालय के वरिष्ठ गणक श्री विनोद शर्मा जी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी मंचा सीन अतिथियों ने रासेयो के प्रेरक पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर धूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया कार्यक्रम का आगाज रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री रवि शर्मा ने नौजवान आओ रे नौजवान गाओ रे गीत के माध्यम से किया मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत श्रृंखला के पश्चात कार्यक्रम का संचालन कर रहे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री शिवदत्त शर्मा ने कहा कि रासेयो के शिविर रासेयो स्वयंसेवकों में एक नवीन उत्साह और ऊर्जा की प्रेरणा देते हैं

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ शशि बल्लभ शर्मा ने डिजिटल साक्षरता हेतु युवा विषय को लेकर के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे युवा विकसित भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं डिजिटल साक्षरता को लेकर भारत सरकार का उद्देश्य है कि हमारे



विद्यार्थियों से लेकर के खेती कर रहे किसानों तक मजदूर से लेकर के अंतरिक्ष में सेवा दे रहे सैनिक तक सभी लाभान्वित हो और हमारा भारत वैश्विक स्तर पर विकसित देशों की श्रेणी में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो जाए आज सरकार डिजिटल साक्षरता को एक मिशन मान कर कार्य कर रही है अंत में डॉक्टर शर्मा ने कहा कि मेरा सभी रासेयो स्वयंसेवकों से आग्रह है कि वे माई भारत अप के माध्यम से अपना पंजीयन करें और भारत सरकार के डिजिटल साक्षरता मिशन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें

कार्यक्रम के दूसरे वक्त के रूप में श्री दिनेश शर्मा ने रासेयो को नौजवान विद्यार्थियों के लिए संजीवनी बताया और कहा कि रासेयो उत्साहीन विद्यार्थियों में भी प्राण फूंक देता है यह नौजवान राष्ट्रभक्ति के लिए आठो पहर तत्पर रहते हैं मैं इनको इनकी उत्कृष्ट सेवा भावना के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं इसी श्रृंखला में संचालक महेश जैन विकल जी ने डिजिटल साक्षरता को लेकर के अपनी आशंकाएं व्यक्त की उन्होंने नवयुवकों को आगाह किया कि हम डिजिटल साक्षरता को लेकर के आगे तो बढ़े लेकिन यह ध्यान रहे कि कही यह डिजिटल साक्षरता हमारे पूर्वजों के प्रति आदर्श को क्षीण तो नहीं कर रही हम नवीनता के उत्साह में प्राचीनता का बहिष्कार तो नहीं कर रहे यदि हम अपनी प्राचीनता का संरक्षण कर नवीनता को ग्रहण कर रहे हैं तो यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बात होगी अत: हम सभी का यह परम दायित्व है कि हम नवीनता के साथ अपनी प्राचीनता की रक्षा करें। अंत में कार्यक्रम अधिकारी श्री रवि शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक करण सिंह जैन प्रभात पाठक संजय शर्मा शिक्षिका अनुराधा शर्मा संगीता कुशवाहा सहयोगी अभिषेक माहौरआदि विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# भाजपा पार्षद दल की बैठक आयोजित

## शहर के समग्र विकास की योजना तैयार करें- जयप्रकाश राजौरिया

**ग्वालियर।** जिला भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन में भाजपा पार्षद दल की बैठक गुरुवार को जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि हमारी पार्टी सेआम जनता को विकास की काफी उम्मीद है। ग्वालियर में लगातार विकास के कार्य हुए और लोगों ने इस बात को महसूस किया कि जो भाजपा कहती है वो करती है। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास की योजना तैयार करें। हमारी सरकार बनने के बाद कितने कार्य आज तक हुए इसका संकलन होना चाहिए और जनता के बीच यह बात पहुंचाई जाना चहिए। उन्होंने कहा कि हर एक वार्ड में




आप सभी जाएं और निरीक्षण करें और आमजनों की समस्याओं को जल्द से जल्द सुलझाएं। उन्होंने कहा कि जो भी काम वार्ड में बचे हैं, उन्हें सांसद, विधायक एवं मंत्रियों के साथ बैठकर सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। जिससे आगामी आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में सभी 66 के 66 वार्ड में भाजपा की प्रचंड जीत हो। बैठक का संचालन जिला महामंत्री श्री राज पलैया ने एवं आभार जिला महामंत्री श्री विनोद शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मंच पर पूर्व सासंद श्री विवेक शेजवलकर, सभापति श्री मनोज तोमर, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्री हरिपाल आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी भाजपा पार्षद उपस्थित थे।

## बन विभाग ओर पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने चंबल के अवैध रेत को किया नष्ट

दैनिक केशरिया हिन्दुस्तान से
पुष्पेन्द्र तोमर

**पोरसा।** 04 मार्च ओर 5 मार्च बुधवार को मुख्य वन संरक्षक ग्वालियर एवं श्रीमान वन मंडल अधिकारी मुरैना सुजीत जे पाटिल के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार बीते दो दिवस में भूरा गायकवाड़ अधीक्षक राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण मुरैना के नेतृत्व में गेम रेंज अंबाह एवं वन परिक्षेत्र भिण्ड सामान्य के स्टाफ को साथ में लेकर तथा नगरा एवं महुआ थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से गेम रेंज अंबाह के अंतर्गत नगरा घाट पर 2400 ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध रेत उत्खनन के डंप रेत को मिट्टी मिलाकर जे सी बी की सहायता से नष्ट कर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई ।एवं कुठियाना घाट पर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु मार्गो को अवरोध करने हेतु जेसीबी मशीन की सहायता से मार्गों पर अवरोधक खंती खोदकर मार्ग को अवरोध किया गया।

# योजनाओं का लाभ उठाकर युवा आत्मनिर्भर बनें : सांसद भारत सिंह कुशवाह

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ग्वालियर जिले में स्थित सभी शाखाओं में संयुक्त रूप से राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में एमएसएमई आउटरीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के केन्द्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार, संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन, कैट संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र जैन, लीड बैंक अधिकारी श्रीमती अमिता शर्मा, जिला पंचायत के डीपीएम




श्री विनीत गुप्ता एवं लगभग 400 बैंकों के ग्राहक उपस्थित थे। क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि यूनियन बैंक के माध्यम से ग्राहकों को विभिन्न व्यवसायों हेतु ऋण प्रदान करने का जो कार्यक्रम आयोजित किया है वह सराहनीय है। केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भी युवओं को स्वयं के रोजगार स्थापित करने के लिये सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने स्वंय का रोजगार स्थापित करें और अपने जीवन को बेहतर बनाने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करने वाला बनें। कार्यक्रम में जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री के एस सोलंकी ने भी युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये शासन की विभिन्न योजनायें संचालित हैं। युवा इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल करें। इस मौके पर जिला पंचायत के डीपीएम श्री विनीत गुप्ता ने भी स्व-सहायता समूह के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में अतिथियों के माध्यम से हितग्राहियों को 51 करोड़ रूपए के ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए।

# गौमाता की सेवा के लिए कृष्ण ने लिया था अवतार, गौसेवा से नर हो जाता भवसागर पार : मोहनानंद सरस्वती

## शिवपुराण कथा ज्ञान महायज्ञ में उमड रहा भक्तों का शैलाब

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आयोजित श्री शिवपुराण कथा में कथा वाचक पूज्य राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर डॉ मोहनानंद सरस्वती ने बताया कि कलयुग में मुक्ती मोक्ष प्राप्त कर आत्म कल्याण करने का सहज साधन गौसेवा है गौमाता की सेवा करने वाले को यज्ञ,भागवत, तीर्थ दर्शन आदि शास्त्रो में वर्णित सभी धर्म अनुष्ठानों,तप, साधनाओं,का पुण्य फल प्राप्त हो जाता है श्रद्धा भाव से गौसेवा करने वाले पर सर्व देवी देवताओं की कृपा बरसती है,गौसेवक को कोई अनिष्टकारी शक्ति नुकसान नहीं पहुंचा सकती ग्रह दोष का दुष्प्रभाव नष्ट हो जाता है,दुसरी ओर दु:खी गौमाता की अंनदेखी करने वाले एवं पालतू गाय को घर से निकाल कर बेसहारा छोड़ने वाले व्यक्ति के द्वारा किए गए सभी धर्म कार्य निष्फल चले जाते हैं ओर यदि घर से छोडी गई गाय भुख प्यास विमारी दुर्घटना से मरती है तो गौहत्या का महापाप उक्त गौपालक को लगता है,जो उसके एवं उसके परिवार पर




कहर बनकर टुटता है दुख और कष्ट देता है। यहां वता दे आचार्य महामंडलेश्वर डॉ मोहनानंद सरस्वती द्वारा सुनाई जा रही संगीतमयी शिव पुराण कथा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी पहुंच रहे हैं कथा श्रवण कर पुन्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# शनि मेला के लिये सौंपे गये दायित्वों को अधिकारी प्राथमिकता के साथ समय सीमा में पूर्ण करें : कलेक्टर

**मुरैना।** ऐंती पर्वत शनि मंदिर पर शनिचरी अमावस्या के दिन 28 एवं 29 मार्च को मेले का आयोजन होना है। इस अवसर पर प्रदेश के अन्य जिलों से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध हो एवं सड़क, विद्युत, पानी की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे। अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे हैं वे समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने बुधवार को बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि मेले में शनिचरा मंदिर से लेकर शनि पहाड़ी तक सभी आवागमन रास्तों पर सड़क, पानी और प्रकाश के पुख्ता इंतजाम किये जायें। उन्होंने कहा कि जिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी की ड्यूटी लगी है, वे अपने ड्यूटी स्थल पर पहचान पत्र लगाकर रहें। मेले की अवधि के दौरान प्रत्येक कर्मचारी का नाम और मोबाईल नंबर तथा ड्यूटी कहां लगी है, उसकी सूची मेला कंट्रोल रूम पर उपलब्ध रहनी चाहिये।

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में विकास कार्यों के क्रियान्वयन की की गई समीक्षा

**अनुपपुर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा एजेन्डा बिन्दु के संबंध में जानकारी दी। बैठक के निर्धारित एजेन्डा बिन्दु पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, सदस्य श्रीमती यशोदा कोदू सिंह, सुश्री भारती केवट, श्रीमती किरण चौधरी, श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह, श्री रामजी रिन्कू मिश्रा, श्री भूपेन्द्र सिंह, श्री नर्मदा सिंह, श्री दरोगा सिंह, श्री रंजीत सर्राटी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला पंचायत के पदाधिकारियों ने सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत जिले के विकासखण्डों में पदस्थ बीआरसी, बीएसी के नियुक्ति के संबंध में दिशानिर्देशों से अवगत कराया



तथा नवीन शैक्षणिक सत्र तक पुर्ननियुक्ति संबंधी कार्यवाही किए जाने की बात कही। बैठक में जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत पथरौड़ी के बालिका छात्रावास में पदस्थ अधीक्षिका के प्रभार के संबंध में जानकारी के संबंध में वस्तुस्थिति से सदन को अवगत कराया गया। जिला खनिज प्रतिष्ठान अंतर्गत शासन के विभिन्न प्राथमिकता के कार्यों के स्वीकृति, चयन के दिशानिर्देशों तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत/चयनित कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में जिला पंचायत के पदाधिकारियों को ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायक के स्थानांतरण के संबंध में शासन के दिशानिर्देशों से अवगत कराया गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह एवं श्री नर्मदा सिंह, श्री रामजी रिन्कू मिश्रा ने पीएमजीएसवाई अंतर्गत बसाहटों के सम्पर्कता सर्वे के तहत अपने क्षेत्रांतर्गत सुदूर बसाहट के सम्पर्क मार्ग हेतु प्रस्ताव दिए गए। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत लांघाटोला, पुरगा, खजुरवार, मोंहदी, रमईटोला में ग्रेवल मार्ग के सुधार कार्य के संबंध में मांग रखी गई।

# पीएम किसान सिंचाई योजना वाटरशैड विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**श्योपुर।** क्षेत्रीय सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि जल संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है, बारिश के पानी को रोकने के साथ ही मृदा संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया जायें। शासन द्वारा किसानों को सिंचाई की सुविधा में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में पीएम कृषि सिंचाई योजना वाटरशैड विकास कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम अगरा में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान सहरिया विकास प्राधिकरण के



अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा श्री तुरसनपाल बरैया, नगर पंचायत विजयपुर के अध्यक्ष श्री कमलेश कुशवाह, भाजपा जिला महामंत्री श्री अरविंद सिंह जादौन, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री राकेश दीक्षित, श्री परीक्षत धाकड़, जनपद सदस्य श्री वायसराय आदिवासी, ग्राम अगरा के सरपंच श्री मुकेश राठौर आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके साथ ही सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा, सीईओ जनपद श्री ऑफिसर सिंह गुर्जर, वाटरशैड परियोजना अधिकारी श्री पीएस राजपूत आदि अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन श्री अमर लाल राठौर ने किया।

सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा कार्यक्रम के दौरान वाटरशैड परियोजना अंतर्गत शामिल 8 ग्रामों के विद्यालयों में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन विषय पर आयोजित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार के रूप में शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। साथ ही जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले 7 लोगों को वाटरशैड योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री तोमर द्वारा जन समुदाय को जल संरक्षण एवं मृदा संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा कार्यक्रम के दौरान ग्राम अगरा में 35.20 लाख रूपये की लागत से निर्मित कृषक सुविधा केन्द्र तथा 4.45 लाख रूपये की लागत से विकसित मियावाकी वृक्षारोपण का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा वाटरशैड अंतर्गत ग्राम उमरी कलां में 18 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले तालाब के लिए भूमिपूजन किया गया।

# महिलाएं परिवार समाज को जोड़ कर खुशहाल बनाती हैं -श्रीमती राधा सिंह पंचायत राय मंत्री

**सीधी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास रा'य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, पद्मश्री श्रीमती फूलबासन देवी यादव तथा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा द्वारा लीनस क्लब कामाख्या सीधी द्वारा आयोजित महिला दिवस शिखर सम्मान कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायत रा'यमंत्री ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि महिलाएं शक्ति स्वरूपा देवी है। वह माता दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, अन्नपूर्णा का रूप है। उन्हें अपने आप को कभी भी कमजोर नहीं समझना चाहिए। पंचायत रा'य मंत्री ने कहा कि महिलाओं के बिना इस संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। महिलाओं से ही परिवार और समाज है। महिलाएं परिवार और समाज को एक सूत्र मे पिरोकर खुशहाल बनाने का काम करती हैं। उन्होने कहा कि महिलाएं आज जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। वह घर और बाहर दोनो जगह दोहरी जिम्मेदारियों का अ'छी तरह निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और रा'य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार के प्रयासों के परिणाम भी हमें देखने को मिल रहे हैं। स्वसहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

**इनको किया गया सम्मानित :-**

कार्यक्रम में समाज सेविका कौशल्या थडानी कोशी दादी एवं



शिक्षिका सिया सिंह बघेल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समाज सेविका विद्या द्विवेदी, एडवोकेट निशा सक्सेना, समाज सेविका पुष्पा मंधनानी, एडवोकेट माया गुप्ता, शिक्षिका अनीता राय, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.मंजू सिंह, महिला व्यवसायी हृदया द्विवेदी, डीएसपी डॉ.गायत्री तिवारी, यातायात प्रभारी निरीक्षक रीता त्रिपाठी, सीएमओ नगर पालिका सीधी मिनी अग्रवाल, सरपंच ग्राम पंचायत बम्हनी आकृति तिवारी, गृहिणी किरण बैगा, चार्टर्ड अकाउंटेंट श्रीपाली गुप्ता, युवा व्यवसायी वर्तिका गुप्ता, वूशु खिलाडी प्रियंका केवट, राईफल शूटिंग खिलाडी अंशिका गुप्ता, क्रिकेट खिलाडी संस्कृति गुप्ता एवं शिक्षिका रत्ना निगम को महिला दिवस शिखर सम्मान शाल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बघेली यूट्यूबर श्रीमती रितिका द्विवेदी एवं विंध्य फर्स्ट न्यूज की महिला पत्रकार सुश्री अंजलि द्विवेदी का उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में लीनेस क्लब कामाख्या सीधी की अध्यक्ष डॉ. बीना मिश्रा द्वारा उनकी समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों तथा उपलब्धियों के विषय में बताया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेंद्र सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह कुशराम, के के तिवारी, डा. देवेन्द्र त्रिपाठी, डॉ अनूप मिश्रा, मीना गुप्ता, डॉण् दीपा रानी इसरानी, भारती सिंह, पुष्पा सिंह, डॉण् सुनीता तिवारी, डॉ. रंजना शुक्ला सहित समिति की सदस्य महिलाएं उपस्थित रही।

# स्व. कुंवर अर्जुन सिंह की स्मृति में 8 एवं 9 मार्च को सर्रा मे आयोजित होगा स्वास्थ्य शिविर

**सीधी।** मैं और मेरा परिवार प्राणियों की सेवा में सदैव तत्पर हैं। उक्त पंक्ति को चरितार्थ करते हुए स्व. कुंवर अर्जुन सिंह के बताएं पथ पर अग्रसर उनके सपूत पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल द्वारा आगामी 8 एवं 9 मार्च को चुरहट के सर्रा में चिरायु हॉस्पिटल भोपाल के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि जिलेवासियों से अपील है कि 'यादा से 'यादा ज़रूरतमंद लोग स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लें। परहित सरिस धर्म नहीं भाई पर पीड़ा सम नहीं अधमाई की सोच और वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ राहुल प्रतिवर्ष दाऊ साहब की स्मृति में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों में इन शिविरों के माध्यम से हजारो लोग



लाभान्वित हुए हैं। सभी का गुणवत्ता पूर्ण उपचार चिरायु मेडिकल कॉलेज द्वारा निशुल्क किया जाता है। उन्होंने समस्त जिलावासियों से अपील करते हुए कहा है कि आप सब अपने परिजनों एंव आस पास के लोगो को बताएं और जिन्हें आवश्यकता है उनको वहां पहुंच कर स्वास्थ्य की जांच करने के लिए प्रेरित करें। शिविर के माध्यम से जांच से लेकर दवाइयां और ऑपरेशन तक की सुविधा नि:शुल्क है। आयुष्मान कार्ड न होने की दशा में भी सभी का समुचित इलाज किया जाएगा स्वास्थ्य शिविर में सभी प्रकार की बीमारियों की जांच और उपचार की व्यवस्था की गई है। गंभीर बीमारी की दशा में पीड़ितों को भोपाल चिरायु मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भेजा जाएगा जिसकी पूरी व्यवस्था राहुल सिंह के द्वारा नि:शुल्क की जाएगी ।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने जिलेवासियों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर इसका लाभ लेने की अपील की है।

# ज्ञान सिंह समर्पित भाव से कर रहे जनता की सेवा - अजय सिंह राहुल

**सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह द्वारा जनता को नि:शुल्क पेयजल उपलब्ध कराने हेतु प्रदत्त पानी टैंकर को हरी झंडी दिखाकर कर लोकार्पित किया। लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह समर्पण भाव के साथ जनता जनार्दन की सेवा कर रहे हैं। राहुल भैया ने आगे कहा कि ज्ञान सिंह के द्वारा पूर्व में भी आर्थिक रूप से असक्षम लोगों के लिए दो अस्थि विसर्जन वाहन संचालित किया जा रहा है। जिसके कारण गरीब तबके के लोग बिना किसी आर्थिक संकट के अपने



दिवंगत परिजनों की अस्थियों को संगम में विसर्जित करने ले जा रहे हैं। राहुल ने आगे कहा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह के द्वारा निशुल्क पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पानी टैंकर जनता की सेवा में उपलब्ध कराया गया है यह बहुत प्रशंसनीय कदम है उन्होंने जनसेवा का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है। उक्त अवसर पर पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह, विनोद मिश्रा पार्षद, उपाध्यक्ष आकाश सिंह चौहान, अधिवक्ता समाजसेवी विनोद वर्मा, महामंत्री ओमकार सिंह कर्चुली, रणजीत सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह दादू, महामंत्री जय सिंह, समाजसेवी अजय सेंगर सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहें।

# मन बुद्धि चित्त और अहंकार की स्मृति है : स्वामी श्री



**सीधी।** रोली मैमोरियल श्रीरामकिंकर प्रवचन माला छठवीं संध्या पर कथा वाचक स्वामी श्री ने कहा कि प्रेम का न तो आदि होता है न मध्य और न ही अंत। श्रीलक्ष्मण का श्रीराम के प्रति प्रेम सुगम है, भरत का अगम है। समुद्र की गहराई अगम है और उसमें सारे रत्न छिपे हुए हैं तथा आकाश सुगम है, सब कुछ प्रत्यक्ष है। स्वामी जी ने कहा कि दोनों पूर्ण हैं.आकाश भी और समुद्र भी। दोनों का आश्रय कृपा समुद्र राम चिदाकाश हैं। समुद्र भी नील वर्ण का है और आकाश भी, पूर्ण प्रेम पूर्ण प्रेम में समाहित है। चित्रकूट में इसी कारण मिलने पर न तो भरत ने श्रीराम से कोई कुशल पूछी और न ही श्रीराम ने भरत से क्योंकि वहाँ पर मन बुद्धि चित्त और अहंकार की स्मृति है ही नहीं। दोनों प्रेम में भरे हुए हैं। गुरूवार की कथा में प्रमुख रूप से डॉ.राजेश मिश्र सांसद सीधी, इन्द्र शरण सिंह, कन्हैया सिंह, डॉ. लहरी सिंह, डॉ.रामलला शर्मा, विष्णू पाण्डेय, डॉ.मंजू सिंह, मुकुटधारी सिंह, जगदीश प्रसाद मिश्र, प्रदीप शुक्ला आदि श्रोताओं ने उपस्थित रहकर कथामृत का रसपान किया। कन्हैया सिंह ने व्यासपीठ का पूजन किया और लालमणि सिंह ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# गुमशुदा किशोरी को कोतवाली पुलिस नें 3 दिवस के अंदर खोज कर किया परिजनों को सुपुर्द

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस नें लापता नाबालिक किशोरी को 0× दिवस के अंदर ढूंढकर परिजनों को सौंपा है। बताया गया कि थाना कोतवाली में 3 मार्च 2025 को एक नाबालिक किशोरी के लापता होने कर मामला आया था। जिसमे वरिष्ठ अधिकारीयों के निर्देशानुसार मामला दर्ज कर सहायक उप निरी मनोज वर्मा के नेतृत्व में टीम कर गठन कर नाबालिक किशोरी के पता तलाश हेतु रवाना किया गया था जो 3 दिवस के भीतर पुलिस टीम नाबालिक किशोरी को ढूंढकर थाना लाई जिसे वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक मनोज वर्मा एवं स्टाफकर योगदान रहा है।



# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में अग्निपथ योजना अंतर्गत "अग्निवीर वायु" कार्यशाला आयोजित

**सीधी ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में गुरुवार दिनांक 6 मार्च 2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह के मार्गदर्शन में एवं डॉ प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में अग्निपथ योजना अंतर्गत ''अग्निवीर वायु'' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एयरफोर्स के द्वारा नियुक्त अधिकारी श्री सुशांत सिंह वारंट ऑफिसर एयर फोर्स एवं रोहित शर्मा सार्जेंट 50 एयर फोर्स बटालियन भोपाल द्वारा अग्निवीर योजना से संबंधित विभिन्न जानकारियां छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई। साथ ही क्विज के द्वारा मार्गदर्शन करते हुए जानकारी बताने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संयोजक डॉ उमाकांत साहू द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम एयर फोर्स एवं जिला प्रशासन के निर्देशन में पूर्ण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंशुमन राज आईएएस मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी थे। उन्होंने छात्र छात्राओं से अपना अनुभव साझा करते हुए एयर फोर्स से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की एवं अध्यक्षता डॉ रावेद्र बहादुर सिंह चौहान विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिलीप कुमार सोनी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में अत्यधिक संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल होकर लाभान्वित हुए।


# बोर्ड परीक्षा : कक्षा 10 वी संस्कृत विषय में शामिल हुए 15599 परीक्षार्थी

## जिले में संचालित है शांतिपूर्ण परीक्षा

**सीधी।** हाई स्कूल 10 वी कक्षा की संस्कृत विषय की परीक्षा जिले के 66 परीक्षा केन्द्रो में आयोजित हुई जिसमें से 15952



दर्ज छात्रों में से 15599 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 353 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नही हुये। कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा परीक्षा की सुचिता बनाये रखने हेतु निरीक्षण दल गठित किया गया है। कन्ट्रोल रूम प्रभारी रामकृष्ण तिवारी ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके एवं व्यवस्थित रूप से संचालित है जिले किसी भी परीक्षा केन्द्र में बाहरी दबाव नही है। नकल प्रकरण निरंक रहा।



# परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड शहरी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती गीता बघेल की सेवा समाप्त की

## अनियमितता बरतने व निरीक्षण के दौरान लगातार ऑगनवाडी केन्द्र पर अनुपस्थित रहने पर की गई कार्रवाई

**भिण्ड।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड शहरी ने अनियमितता बरतने व निरीक्षण के दौरान लगातार ऑगनवाडी केन्द्र पर अनुपस्थित रहने व विभागीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने, वरिष्ठ के आदेशों निर्देशों की स्पष्ट अव्हेलना संबंधि अनियमितता पाई जाने पर श्रीमती गीता बघेल आंबा0 कार्यकर्ता आं0बा0 केन्द्र क्र. 30/1 को पद से प्रथक कर दिया है।

परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड शहरी ने आदेश जारी कर कहा है कि सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा दिनांक 30 अप्रैल 2024, 27 मई 2024 एवं 28 मई 2024 को निरीक्षण किया गया जिसके तारतम्य में कार्यालयीन दिनांक 30 मई 2024 के द्वारा सात दिवस का मानदेय/अतिरिक्त मानदेय कटोत्रा किये जाने हेतु श्रीमती गीता बघेल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाकर सचेत किया गया था जिसका उत्तर समाधारकारक नहीं पाया गया। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा कई बार आंगनवाडी केन्द्र 30/1 के अकास्मिक निरीक्षणों में भी आ.बा. सहायिका श्रीमती बघेल केन्द्र से अनाधिकृत रूप अनुपस्थित पाई गई। श्रीमती गीता वघेल आँगनवाड़ी सहायिका आँगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 30/1 द्वारा अनियमितता बरतने व निरीक्षण के दौरान लगातार ऑगनवाडी केन्द्र पर अनुपस्थित रहने व विभागीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने, वरिष्ठ के आदेशों निर्देशों की स्पष्ट अव्हेलना संबंधि अनियमितता पाई गयी है एवं उक्त सहायिका द्वारा किसी भी प्रकार के सौंपे गये कार्यों के प्रति रूचि नहीं ली जा रही है जो कि विभागीय कार्य दायित्वों के निर्वहन में स्पष्ट अव्हेलना है तथा अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन महिला एवं वाल विकास मंत्रालय भोपाल के पत्र दिनांक 10 जून 2007 में जारी भर्ती नियम (4) के बिन्दु 01 में निहित प्रावधानों का स्पष्ट अव्हेलना है प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल का पत्र दिनांक 24 मई 2015 एवं संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल का पत्र दिनांक 01 जून 2018 तथा संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल का पत्र दिनांक 01 अगस्त 2016 संचालनालय एकीकृत बाल विकास सेवा म0प्र0 का पत्र दिनांक 27 सितम्बर 2014 तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जारी निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

अतः श्रीमती गीता बघेल ऑगनवाड़ी सहायिका ऑश्बा0 केन्द्र क्र. 30/1 को अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन महिला एवं वाल विकास मंत्रालय भोपाल के पत्र दिनांक 10 जून 2007 में जारी भर्ती नियम (4) के बिन्दु 01 में निहित प्रावधानों के तहत् अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए श्रीमती गीता बघेल आंबा0 कार्यकर्ता आं0बा0 केन्द्र क्र. 30/1 को पद से प्रथक किया जाता है। सेवा समाप्ति के पश्चात् श्रीमती गीता बघेल को मानदेय/अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति आदेश के विरूद्ध पीड़ित पक्षकार को 07 दिवस के अंदर अपील कलेक्टर जिला भिण्ड के समक्ष प्रस्तुत करना होगी।

# वित्त आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों ने सांची और उदयगिरि स्थापत्यकला का अद्भुत नमूना माना

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन



**रायसेन।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगड़िया और सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. सौम्य कांति घोष एवं डॉ. मनोज पांडा ने यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची स्तूप और ऐतिहासिक उदयगिरि गुफाओं का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के गौरवशाली इतिहास से परिचय प्राप्त किया.भारतीय संस्कृति की समृद्ध धरोहर को नजदीक से देखा। सांची स्तूप भ्रमण के दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारीगण, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया ,भारतीय पुरातत्व विभाग के अधिकारी भी साथ रहे।

**सांची स्तूप की भव्यता से हुए अभिभूत :-**

वित्त आयोग के प्रतिनिधियों ने सांची स्तूप की भव्यता और पाषाणकालीन कलात्मक उत्कृष्टता को देखकर गहरी प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सांची के स्तूप प्रदेश में स्थापत्यकला का अद्भुत नमूना है। यह ऐतिहासिक स्थल तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में महान सम्राट अशोक द्वारा निर्मित कराया गया था ।बौद्ध धर्म के महत्त्वपूर्ण केंद्रों में से एक है। सांची के स्तूप अपनी उत्कृष्ट स्थापत्य शैली और अद्भुत शिल्पकारी के लिए प्रसिद्ध हैं। यहाँ मौजूद तोरण द्वार और जटिल नक्काशीदार स्तंभ बौद्ध जातक कथाओं और घटनाओं को दर्शाते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से सांची स्तूप के इतिहास को एक रोचक कहानी के माध्यम से जाना। बौद्ध धर्म के विकास, सम्राट अशोक की धम्म नीति और सांची के ऐतिहासिक महत्व की गहरी जानकारी प्राप्त हुई।

**उदयगिरि गुफाओं में ऐतिहासिक धरोहर की झलक :-**

सांची भ्रमण के पूर्व प्रतिनिधियों ने उदयगिरि गुफाओं का भी भ्रमण किया। गुप्तकालीन इन गुफाओं में भगवान विष्णु और अन्य देवी-देवताओं की अद्भुत मूर्तियां उकेरी गई हैं।जो प्राचीन भारतीय कला और धर्म का अनुपम उदाहरण हैं। उदयगिरि की 20 गुफाओं में विशेष रूप से वाराह अवतार की विशाल प्रतिमा, जिसमें भगवान विष्णु पृथ्वी को समुद्र से निकालते हुए दिखाए गए हैं, ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वित्त आयोग के सदस्यों ने कहा कि सांची और उदयगिरि जैसे ऐतिहासिक स्थल भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के अमूल्य प्रतीक हैं। इन स्थलों का संरक्षण और प्रचार-प्रसार भावी पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस ऐतिहासिक यात्रा के दौरान प्रतिनिधियों ने न केवल प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर को समझा, बल्कि भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को भी आत्मसात किया।

# सनावद पुलिस द्वारा अवैध तरिके से हथियार लेकर घुमने वाले अपराधी के खिलाफ कि गई कार्यवाही

## अवैध तरिके से चाकु लेकर घुम रहा था आरोपी

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनावद।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं पुलिस उप. महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा स्कूली वाहनों द्वारा क्षेत्र में हथियारों का प्रयोग कर दहशत फैलाने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहर सिंह बारिया के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य में थाना सनावद पुलिस द्वारा अवैध तरिके से चाकु लेकर घुमने व दहशत फैलाले वाले आपराधी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण :-**



दिनांक 03.03.25 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बासवा मे एक व्यक्ति चाकु लेकर घुम रहा है जिससे आम लोगों में दहशत का माहौल बन रहा है सूचना तस्दीक हेतु रवाना होकर ग्राम बासवा पहुंचे जहाँ बासवा मे रोड के पास भीड़ लगी थी जिनसे बातचीत करते पता चला कि ग्राम बासवा का रहने वाला करण उर्फ कान्हा लोगो को चाकू दिखाकर धमका रहा था जो भीड़ देखकर बायपास रोड की ओर भागा है। जिसे हमराह बल की मदद से पकड़ा एवं उसका नाम पता पूछते उसने अपना नाम करण उर्फ कान्हा पिता तेजा वर्मा उम्र 24 साल निवासी पांढर मोहल्ला बासवा का होना बताया जिसकी तलाशी लेते समय अपनी पेंट की कमर मे पीछे की ओर एक लोहे का धारदार छुरा दबाकर रखा था जो आरोपी करण उर्फ कान्हा का कृत्य धारा 25(1)(ड्) आर्म्स एक्ट मे तहत दण्डनीय होने से चाकु को विधीवत तरिके से जप्त कर वापसी में थाना सनावद पर पर अपराध क्रमांक-74/25 धारा धारा-25(1)(ड्) आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

**नाम आरोपी :-**

करण उर्फ कान्हा पिता तेजा वर्मा उम्र 24 साल निवासी पांढर मोहल्ला बासवा

**पुलिस टीम :-**

उक्त कार्यवाही में थाने के शिवप्रसाद वर्मा , रविन्द्र, विनोद एवं इसराम का विशेष योगदान रहा ।

# उपलब्धि : प्रियंका केवट ने इंटरनेशनल में भारत का लहराया परचम

**सीधी।** सीधी जिले की बेटी प्रियंका केवट पिता शिवराज केवट माता सोनिया केवट पुराना स्टेट बैंक के पास पुलिस लाइन सीधी की हैं। प्रियंका ने एथेंस ग्रीस में दिनांक 28 फरवरी से 2 मार्च 2025 तक आयोजित एक्रोपोलिस इंटरनेशनल ओपन वूशु चौंपियनशिप में 48 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर अपने देश का नाम रोशन किया। भारत से अलग-अलग रा'य के कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमें एक खिलाड़ी सीधी जिले की थी। इस प्रतियोगिता में 14 देशों ने भाग लिया था जिसमें भारत को 9 गोल्ड 8 सिल्वर 5 ब्राउंस मेडल प्राप्त हुए। प्रियंका ने अपनी जीत का श्रेय माता-पिता व कोच मानिंद शेर अली खान जिला खेल प्रशिक्षक खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला सीधी को दिया है। इनके उ'जवल भविष्य की कामना करते हुए जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव एवं सभी खेल प्रेमियों सहित सीधी शहर के अन्य लोगों ने बधाई प्रेषित की है।

# रीजन कॉन्फ्रेंस सार्थक में जोन-3 के सभी क्लबों को सेवा सम्मान एवं पदाधिकारियों को अवॉर्ड

## बैनर प्रेजेंटेशन में लायंस क्लब लियो क्लब सनावद सिटी, बुरहानपुर, सनावद स्नेह ,ओंकारेश्वर अनंत, हरसूद युवांश ने लिया हिस्सा

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**सनावद।** लायंस डिस्ट्रिक्ट की महत्वपूर्ण आधिकारिक रीजन कॉन्फ्रेंस सार्थक रीजन-2 आरोही चेयरपर्सन प्रियंका गुजराती की अध्यक्षता में महेश्वर में आयोजित की गई ।जिसमें रीजन के सदस्यों ने बड़ी संख्या में उत्साह से भाग लिया ।रीजन अंतर्गत जोन-3 के जोन चेयरपर्सन ज़ाकिर हुसैन अमी के कार्यों की अतिथियों द्वारा मुक्तकंठ प्रशंसा की गई। एवं अमी को सर्वश्रेष्ठ जोन चेयरपर्सन,मेंबरशिप ग्रोथ,क्लब फॉर्मेशन,अवॉर्ड के साथ लीडरशिप एवं नायक की तरह अपने जोन एवं रीजन के लिए उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रतिष्ठित हीरो ऑफ द रीजन खिताब से सम्मानित किया गया ।इंटरनेशनल एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट, पिन के साथ ही वेल ड्रेस पुरुष का पुरस्कार भी जाकिर अमी को प्राप्त हुआ ।उल्लेखनीय है रीजन में लायंस/ लियो मिलाकर कुल 8 नए क्लब खोले गए जिसमें से 7 क्लब जाकिर अमी के जोन में प्रारंभ हुए ।रीजन प्रियंका गुजराती ने अपने उद्बोधन में सारगर्भित बातें कही एवं खरगोश तथा कछुए की दोस्ती की कहानी के माध्यम से सामंजस्य का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

जोन के सभी क्लब्स को सेवा एवं प्रशासनिक कार्यों में बेहतर प्रदर्शन हेतु अतिश्रेष्ठ,सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष,सचिव,कोषाध्यक्ष अवॉर्ड प्राप्त हुए ।एवं क्लब्स लायंस क्लब बुरहानपुर स्थाई नि:शुल्क डायबिटीज कैंप,सनावद सिटी नशा मुक्ति,ओंकारेश्वर अनंत परिक्रमा वासी सेवा, पंधा ना अतुल्य सामाजिक सोद्देश्यता कार्यक्रम,सनावद स्नेह महिला सशक्तिकरण को विशेष सेवा गतिविधि हेतु पुरस्कृत किया गया साथ ही लियो क्लब सनावद को भी अवॉर्ड प्राप्त हुआ। नव लायंस क्लब बेड़ियां, हरसूद युवांश लियो क्लब सनावद दृष्टि,सनावद कौशल,लियो क्लब नर्मदा वैली बड़वाह का उल्लेख कर अतिथियों द्वारा बधाई दी गई ।मुख्य अतिथि कुलभूषण मित्तल, विशेष अतिथि पूर्व गवर्नर यश शर्मा, मुख्य वक्ता डॉ जवाहर बिहाणी, पीडीजी निर्मल जैन, डॉ ईश्वरलाल मुंदड़ा, डॉ साधना सोडाणी, अनिल खंडेलवाल, जयप्रकाश त्रिपाठी,उपस्थित थे। अतिथियों व सदस्यों ने इसे ऐतिहासिक रीजन कांफ्रेंस निरूपित किया ।कार्यक्रम का संचालन नारायण बाहेती व हेमलता पालीवाल ने किया व आभार रीजन चेयरपर्सन प्रियंका राहुल गुजराती ने माना ।अध्यक्ष पंकज जटाले,मुश्ताक मलिक, अनिता जैन, रजनीश जैन हरीश पुरोहित,उर्मिला जैन, डॉ शैलेंद्र चौकड़े,श्याम महाजन, सहित संपूर्ण रीजन के 300 के लगभग मेंबर्स उपस्थित थे।

# महेश्वर जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव: 19 सदस्यों ने मांगा इस्तीफा

दीपक तोमर खरगोन



**महेश्वर।** खरगोन जिले की महेश्वर जनपद पंचायत में राजनीतिक उथल-पुथल देखने को मिली है। भाजपा समर्थित जनपद अध्यक्ष अशोक डाबर और उपाध्यक्ष नानीबाई पटेल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया है। 24 में से 19 सदस्यों ने उनके इस्तीफे की मांग की है ।पद के दुरुपयोग का आरोप सदस्यों ने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अपने पदों का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह को अपनी शिकायत सौंपते हुए कहा कि ढाई साल के कार्यकाल में विकास कार्यों में कोई प्रगति नहीं हुई है। सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें योजनाओं की जानकारी नहीं दी जा रही है और आर्थिक अनियमितताएं हुई हैं।

**19 सदस्यों का विरोध :-**

महेश्वर जनपद पंचायत में कुल 24 सदस्य हैं। अध्यक्ष पद से हटाने के लिए कम से कम 13 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होती है। विरोधी खेमे में विजय बारिया, सुनीता बाई, रामचंद्र पाटीदार, गौराबाई, रूपेश, ममता बाई, सागर भाई, नाथू डाबर, राजेंद्र रामलाल और रूपेश रनसोर समेत 19 सदस्य हैं। इस अविश्वास प्रस्ताव के बाद, महेश्वर जनपद पंचायत में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। जिला पंचायत सीईओ अब इस मामले की जांच करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे। यह देखना होगा कि क्या अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अपने पदों पर बने रहते हैं या उन्हें इस्तीफा देना पड़ता है।

# मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक सम्पन्न



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला शाजापुर मुकेश पांचाल

**शुजालपुर।** आज दिनांक 6 मार्च 2025 को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ,ब्लॉक इकाई शुजालपुर की एक आवश्यक व महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय विश्राम गृह पर आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रांतीय संयुक्त सचिव श्री मनोज जैन, विशेष अतिथि उज्जैन संभागीय उपाध्यक्ष किशोर खन्ना, जिला महासचिव उमेश टेलर व वरिष्ठ पत्रकार श्री जगपाल व बैठक कि अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना ने की। इस अवसर पर मंचासिन सभी अतिथियों का स्वागत शुजालपुर ब्लॉक इकाई की ओर से अध्यक्ष श्री प्रशांत मिश्रा ने किया। स्वागत कि इस बेला मे जिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण पदों का निर्वहन कर रहे जिला उपाध्यक्ष अमित मालवीय, जिला सचिव पिंटू सोनी, जिला संयुक्त सचिव नरेंद्र जैन, जिला कार्यकारिणी सदस्य दीपक सक्सेना, धर्मेंद्र परमार,निर्मल गोस्वामी,ब्लॉक महासचिव संतोष राजपूत, ब्लॉक उपाध्यक्ष भोजराज परमार,मनीष पटेल, संजय गोस्वामी, संयुक्त सचिव सूर्या परमार, सोनू मीणा, वसीम पठान, कोषाध्यक्ष संतोष झालानी, विशेष आमंत्रित कार्यकारिणी सदस्यों में श्री भेरूलाल उज्जालिया, आलोक श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम पारवानी, कमल पुष्पद सहित कार्यकारिणी सदस्य जाकिर मंसूरी (जामनेर), मुकेश पांचाल, गोलू खन्ना, अमरीश पुरी गोस्वामी, देवानंद खत्री, अंकित परमार, मुकेश सोनी इत्यादि का भी सम्मान किया गया। बैठक में आगामी 22, 23 मार्च को मुरैना में संपन्न होने जा रहे प्रांतीयअधिवेशन पर भी मंचासिन अतिथियों ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए शाजापुर जिले से अधिकाधिक उपस्थित की अपील की। अधिवेशन हेतु यात्रा संयोजक ब्लॉक उपाध्यक्ष ओम मेवाड़ा को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवीन सत्र (2025) हेतु पत्रकार साथियों के परिचय पत्रों का वितरण भि किया गया। बैठक के अंत में संघ जिला उपाध्यक्ष राजा राठौर(शाजापुर) की धर्मपत्नी स्व आरती राठौर के असमय निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। संपूर्ण बैठक का संचालन साथी नरेंद्र जैन ने व अंत में गरिमापूर्ण उपस्थिति के लिए सभी का आभार ब्लॉक इकाई अध्यक्ष श्री मिश्रा ने माना।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने एसडीएम व राज्यपाल के नाम पृथक ज्ञापन सौंपे

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन



**सिलवानी।** प्रदेश की मोहन कैबिनेट सरकार के पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के द्वारा एक आयोजन में प्रदेश की जनता को भिखारी बताए जाने संबंधी बयान देने की कांग्रेस ने कटु निंदा कर राज्यपाल से मंत्री पटेल पर सख्त कार्रवाही किए जाने तथा मंत्री पद से हटाने की मांग की है। इसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने एसडीएम कार्यालय पहुंच कर महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिलवानी, बम्होरी व प्रतापगढ़ के कार्यकर्ता एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय पहुचें यहां पर पृथक पृथक दो ज्ञापन एसडीएम को दिए। प्रथम ज्ञापन में महामहिम राज्यपाल से मांग की गई हैं कि प्रदेश की जनता को भिखारी बताने वाले कैबिनेट मंत्री पटेल को तत्काल ही पद से हटाया जावे। द्वितीय ज्ञापन में उल्लेख किया है कि नगर के स्वागत द्वारो पर वर्तमान विधायक देवेंद्र पटेल का फोटो लगाया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा ना किया जाकर नप के द्वारा पूर्व विधायक रामपाल सिंह राजपूत का फोटो लगाया गया हैं जो कि प्रोटोकाल का उल्लंधन हैं। ज्ञापन में मांग की गई हैं कि पूर्व विधायक का फोटो हटा कर वर्तमान विधायक का फोटो लगाया जावे। इस अवसर पर ब्लाक प्रभारी अजय पटेल, भरत सिंह पटेल जनपद सदस्य प्रतिनिधि, शमीम काजी पार्षद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें। कांग्रेस कार्यकर्ता अजय पटेल ने स्पष्ट तौर पर कहा कि संविधान के द्वारा देश चलता है और संविधान के तहत चुने गए मंत्री को जनता से वोट लेकर संवैधानिक न्याय की मंदिर में जनता ने पहुंचाया है और वही जानता अपना हक और अधिकार मांग रही है इसको वह भीख मांगना बताते हैं तो जब जनता के बीच में वोट मांगने के लिए जाते हैं तो किस तरह से वोट मांगे जाते हैं यह बहुत शर्मनाक घटना है जो इस तरह का बयान दिया है।

# करकोई गांव में वन समितियों और स्कूली छात्रों को सामग्री वितरित

देनिक केसरिया हिंदुस्तान दीपेंद्र पटेल

हटा वनपरिक्षेत्र के आदिवासी अंचल करकोई गांव में आज वन विभाग द्वारा काष्ठ लाभांश की राशि से ग्राम वन समितियों को सामग्री वितरण का वितरण किया गया,मुख्य अतिथि हटा विधायक उमादेवी खटीक ने सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया. हटा वनपरिक्षेत्र की ग्राम वन समिति करकोई अंतर्गत करकोई और तालगांव के 50 स्कूली छात्र छात्राओं को हटा विधायक उमादेवी खटीक और जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूल बैग प्रदान किये गए,इसके अलावा रजपुरा, सिलापरी और करकोई कि ग्राम वन समितियों को भोजन बनाने वाले वर्तन प्रदान किए गए। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने बच्चों से संवाद कर शैक्षणिक जानकारी ली और उन्हें शिक्षा का ज्ञान देकर लगातार स्कूल आने और विद्या ग्रहण करने की अपील की साथ ही ग्रामीणों से भी अपील की बच्चो को स्कूल भेजें और शिक्षित बनाये, हटा विधायक ने ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के लाभ मिलने की भी बात पूछी,हटा अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम से फोन पर चर्चा कर करकोई में शिविर आयोजित करने की आवध्यकता बताई ताकि लोगो के आधार ,समग्र और अन्य कार्य हो सकें। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अमझिर की सरपंच रेवारानी आदिवासी,वन प्रतिनिधि राजा खान,प्रतिनिधि रामकृष्ण सूखा नामदेव,वन परिक्षेत्र अधिकारी हटा ऋषि तिवारी,सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जे पी दुबे,सी एल अहिरवार, हरीश तंतवाय,विपिन चौरसिया,बफाति खान,अरमान खान,कोमल सिह राजपूत,राममणि गर्ग,अजीम खान,सन्तोष खरे और स्टाफ की उपस्थिति रही।



# लैंक्सेस ने इंडिया ऐप्लीकेशन डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन किया

## भारत के औद्योगिक एवं उपभोक्ता बाजारों के लिये नवाचार तथा विशिष्ट रूप से बनाए गए समाधानों को मिलेगा समर्थन

**नागदा।** जर्मन स्पेशियल्टी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस ने 27 फरवरी को मुंबई के ठाणे में अपने इंडिया ऐप्लीकेशन डेवलपमेंट सेंटर (आईएडीसी) का उद्घाटन किया। इससे कंपनी ने नवाचार एवं ग्राहक सेवा के मामले में अपनी क्षमताओं को मजबूत किया है। लैंक्सेस हाउस का एक पूरा फ्लोर इस सेंटर को मिला है और यह दो व्यवसाय इकाइयों के लिये एक हब का काम करेगा। भविष्य में इसका विस्तार भी किया जा सकेगा। उद्घाटन समारोह में लैंक्सेस एजी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन मथायस झकर्ट ने कहा, ''लैंक्सेस



के लिए भारत तरक्की का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहाँ सहयोग एवं नवाचार के लिए अपार संभावनाएं हैं। नया एप्लीकेशन डेवलपमेंट सेंटर हमारे स्थानीय ग्राहकों की जरूरतों के लिए विशेष रूप से तैयार समाधानों की आपूर्ति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। इससे होने वाली वृद्धि स्वाभाविक और नवाचार के आधार पर होगी। मैं इस बात से भी उत्साहित हूं कि भारत के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि एक कंपनी के तौर पर हमारी 20वीं सालगिरह पर हासिल हो रही है।

आईएडीसी दिखाता है कि लैंक्सेस भारत को एक महत्वपूर्ण बाजार एवं नवाचार के केन्द्र के तौर पर रणनीतिक नजर से देखती है। यह कंपनी की क्षमता बढ़ाएगा, ताकि वह स्थानीय आवश्यकताओं के लिये तैयार उच्च-महत्व वाले एवं विशिष्ट समाधान दे सके। इसके पहले चरण में भारत के दो प्रमुख व्यवसायों की विशेषज्ञता को जोड़ा जाएगा- लुब्रिकेंट एडिटिव्स (हाई-परफॉर्मेंस एडिटिव्स और एडिटिव सिस्टम्स, सिंथेटिक बेस फ्लूड्स और रेडी-टू-यूज़ लुब्रिकेंट्स) और मटेरियल प्रोटेक्शन प्रोडक्ट्स (एंटीमाइक्रोबियल, डिसइंफेक्शन और प्रीजर्वेशन सॉल्यूशंस)। उदाहरण के लिये, इससे ग्राहकों को लुब्रिकेंट्स के घर्षण एवं टूटने के आधुनिक अध्ययनों का फायदा होगा। इसमें नये मटेरियल्स का सिंथेसिस (संश्लेषण) और परीक्षण तथा पेंट्स, इमल्शंस और जल-आधारित अन्य रसायन-शास्त्रों (केमिस्ट्रीज) के एंटीमाइक्रोबियल प्रदर्शन का अध्ययन होगा।

# शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा प्रह्लाद पटेल का पुतला दहन किया



**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर**

**सीहोर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शहर ब्लाक कांग्रेस द्वारा गुरुवार को स्थानीय कोतवाली चौराहे पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला दहन कर गगन भेदी नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुजराती ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार और सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी बताये जाने की ओछी मानसिकता, घृणात्मक-निकृष्ट सोच और भाजपा सरकार की महिला, किसान, युवा और जनविरोधी नीतियों के विरोध में कांग्रेस जनता के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर जनहित में लड़ाई लडने को तैयार है। शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में प्रदेश को बदहाली असुरक्षा और अपमान के गर्त में धकेल दिया है। अब तो हालत यह हो गये है कि जनता को भगवान बताकर वोटे बटोरने वाली भाजपा सरकार अब महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, युवाओं, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों को अब भिखारी बता रही है। जब प्रदेश की 1 करोड़ 29 लाख बहनों ने अपनी मेहनत की कमाई पर अधिकार मांगा, तो सरकार में बैठे पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रहलाद पटेल और उनकी पार्टी ने उन्हें भिखमंगा कहकर अपमानित किया। भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का फर्क है, अब जनता के सामने भाजपा का असली चेहरा सामने आ चुका है। हम इसका घोर विरोध करते हैं और मांग करते हैं कि प्रहलाद पटेल तत्काल अपना इस्तीफा दें। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार की जनविरोधी नितियों को पुरजोर विरोध करती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर ब्लाक अध्यक्ष निशांत वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश गुप्ता, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, डॉ.अनीस खान, ओम बाबा राठौर, पवन राठौर, राकेश वर्मा, नरेन्द्र खंगराले, विवेक राठौर, हसीन कुरेशी, डॉ.मारूती राव, रामायारण शुक्ला, हरीश आर्य, भगत सिंह तोमर, के.के.रिछारिया, पंकज शर्मा, चीनू ठाकुर, घनश्याम मीणा, ममता शर्मा, विनीत गोयल, सहीद लाला मंसूरी, नायाब खान, आसिफ अंसारी, असरफ अली, दीपक सोनकर, मनीष मेवाड़ा, यश यादव, विजय वर्के सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# हनुमान मंदिर की शासकीय भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर प्लाटिंग करने के विरोध में दिया ज्ञापन

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**



श्योपुर - नगर परिषद बड़ौदा के वार्ड नंबर 14 में स्थित हनुमान मंदिर की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर प्लाटिंग करने के विरोध में हनुमान जी के स्थान से जुड़े हुए श्रद्धालुओं ने भारतीय किसान यूनियन चढूनी के प्रदेश अध्यक्ष किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला के नेतृत्व में गुरुवार को कलेक्ट्रेट श्योपुर पर कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा के नाम डिप्टी कलेक्टर श्री संजय कुमार जैन एवं एसडीएम श्री मनोज गढ़वाल को एक ज्ञापन दिया । ज्ञापन में बताया गया है कि नगर परिषद बड़ौदा वार्ड नंबर 14 में स्थित हनुमान मंदिर की भूमि सर्वे नंबर 1851/1, 1851/2, 1852, 1865 कुल रकबा 6 बिस्वा शासकीय भूमि स्थित है जिस पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर विक्रय करने हेतु प्लाटिंग कर दी है । हनुमान जी का स्थान काफी पुराना है जिससे सैकड़ो श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है, मंदिर की उक्त भूमि पर समय-समय पर पर्व, त्यौहार, उत्सव आदि किए जाते रहे हैं । भूमाफियाओं द्वारा भूमि पर प्लाटिंग करके सी.सी. डाल दी गई है इस संबंध में पूर्व में भी मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं द्वारा इन भूमाफियाओं की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी महोदय एवं श्रीमान तहसीलदार बड़ौदा को भी की गई, तथा निवेदन किया गया की मंदिर की उक्त भूमि का सीमांकन कर मंदिर की शासकीय भूमि भूमाफियाओं से सुरक्षित की जावें किंतु किसी भी प्रकार के कोई कार्यवाही उक्त प्रकरण के संबंध में नहीं हुई है । मंदिर श्री हनुमान जी की शासकीय भूमि पर से भूमाफियाओं का अतिक्रमण हटवाया जाए एवं मंदिर की भूमि का सीमांकन करके मंदिर कि शासकीय भूमि सुरक्षित की जावे । इस अवसर पर रामदयाल सुमन बड़ौदा, राधेश्याम तिवारी बड़ौदा, हरिओम सुमन, मुकेश सुमन, मांगीलाल सुमन, धीरज मीणा, बबलू सुमन, रामलखन सुमन, गिर्राज सुमन, कपिल सुमन, रमेश सुमन, रघुवीर सुमन आदि उपस्थित रहे।

# बर्ड फ्लू संक्रमण के अंतर्गत मुख्य मटन मार्केट में पॉल्ट्री एवं पॉल्ट्री के उत्पाद व मांसाहारी भोजन 21 दिवस तक ग्राहकों को विक्रय नहीं

**मारुति लाल विश्वकर्मा**



छिन्दवाड़ा/ कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा कार्यालयीन आदेश 11 फरवरी 2025 के अनुसार नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के अंतर्गत वार्ड नंबर-30 चिकन मार्केट एवं वार्ड नंबर- 03 बिल्ली पालकों के घर एच5 एन1, एवियन इनफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) संक्रमण पाये जाने से इस क्षेत्र के 01 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र जिसमें वार्ड नंबर 06, 07, 08, 28, 29, 30, 31, 41 एवं 45 संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया है, जिसके अंतर्गत मुख्य मटन मार्केट वार्ड क्रमांक-30 के 01 किलोमीटर में किसी भी प्रकार के पॉल्ट्री एवं पॉल्ट्री के उत्पाद एवं मांसाहारी भोजन 21 दिवस तक ग्राहकों को विक्रय नहीं किये जाने के लिये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। सहायक आयुक्त (ए.एच.) पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन भारत सरकार के पत्र 28 फरवरी 2025 के अनुसार 01 किलोमीटर का परिचालन क्षेत्र जिसके अंतर्गत पक्षी/मुर्गियां संक्रमित पाई गई है, की निगरानी सुनिश्चित की जानी है तथा निगरानी योजना जारी होने से 03 महीने तक कोई भी पक्षी/मुर्गियां उस क्षेत्र में आने ना पाये के निर्देश दिये गये हैं।

इस आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक-30 के 01 किलोमीटर परिधि क्षेत्र जिसमें वार्ड नंबर 06, 07, 08, 28, 29, 30, 31, 41 एवं 45 में पूर्व से प्रतिबंधित चिकन एवं पॉल्ट्री प्रोडक्ट के विक्रय एवं परिवहन पर 11 मई 2025 (03 माह) तक प्रतिबंध लागू रहेगा तथा इस स्थल पर मटन एवं मछली के विक्रय पर अब कोई रोक नहीं है।

# बीजेपी पार्षद ने पुलिस को 5 लाख रिश्वत दी: फर्जी कॉल सेंटर मामले में आरोपी को बचाने की थी डील, टीआई समेत 4 पर केस दर्ज

**दैंनिक केसंरिया हिंदुस्तान**

**जिला ब्यूरो/मनोज सिंह**



भोपाल के फर्जी कॉल सेंटर मामले में एक नया मोड़ आया है। टीकमगढ़ के भाजपा पार्षद अंशुल जैन उर्फ मोना पर आरोपी को बचाने के लिए पुलिस को रिश्वत देने का मामला सामने आया है। ऐशबाग थाना पुलिस ने पार्षद अंशुल जैन के साथ टीआई जितेंद्र गढ़वाल, पवन रघुवंशी और प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

मामले की जानकारी के अनुसार, फर्जी कॉल सेंटर के मुख्य आरोपी अफजल खान के साले मुईन खान को गिरफ्तार करने भोपाल पुलिस की टीम टीकमगढ़ पहुंची थी। मुईन अपने घर से फरार मिला। इसके बाद उसे बचाने के लिए 25 लाख रुपए की डील हुई।

पहली किश्त के रूप में 15 लाख रुपए देने की बात तय हुई। इसी के तहत भाजपा पार्षद अंशुल जैन ने बुधवार (5 मार्च) पुलिस को 5 लाख रुपए की रिश्वत दी। यह पूरा घटनाक्रम तत्कालीन टीआई जितेंद्र गढ़वाल की जानकारी में हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि मुईन के दो करीबी रिश्वत की रकम लेकर भोपाल गए थे। इनमें से एक पार्षद अंशुल जैन थे। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। इस मामले की जांच के लिए भोपाल पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया है।

# फूड सेफ्टी विभाग ने लिये दूध, मिल्क क्रीम एवं देशी घी के सैम्पल

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा श्योपुर में दो दूध डेयरियों से दूध, मिल्क क्रीम एवं देशी घी के सैम्पल लेने की कार्यवाही की गई है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री धमेन्द्र जैन ने बताया कि सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार के निर्देशन में आमजन को मानक खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कॉलेज के सामने पाली रोड स्थित मुरैना दूध डेयरी से गाय व भैस के मिश्रित दूध एवं मिल्क क्रीम तथा कृष्णा दूध डेयरी से गाय व भैंस के मिश्रित दूध एवं देशी घी के सैम्पल लिये गये है। सैम्पल जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। श्री धर्मेन्द जैन ने बताया कि आमजन खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम एवं शिकायत के लिए टोलफ्री नंबर 1800112100 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

## टीकमगढ़ में राशन दुकान पर बड़ी कार्रवाई

# 402 क्विंटल गेहूं और 336 क्विंटल चावल की कालाबाजारी, विक्रेता पर एफआईआर

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो/मनोज सिंह**



**टीकमगढ़** जिले की मोहनगढ़ तहसील में गुरुवार को एक राशन दुकान संचालक पर खाद्यान्न की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। बहादुरपुर ग्राम पंचायत में स्थित राशन दुकान के संचालक जानकी शरण दांगी के खिलाफ गुरुवार को स्न्ढ्ढक्र दर्ज की गई है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद मोहनगढ़ तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर और खाद्य आपूर्ति अधिकारी ललित मेहरा ने दुकान की जांच की। जांच के दौरान दुकान संचालक ताला लगाकर फरार हो गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जतारा ललित मेहरा के अनुसार, दुकान संचालक ने 402.22 क्विंटल गेहूं और 336.20 क्विंटल चावल की कालाबाजारी की। इसके अलावा 2.41 क्विंटल शक्कर, 11.81 क्विंटल नमक और 55 किलोग्राम मूंग की भी कालाबाजारी का मामला सामने आया है। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी गई। कलेक्टर के निर्देश पर मोहनगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। प्रधान आरक्षक राजेश कुमार ने बताया कि दुकान संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सगरा थाना पुलिस ने नाबालिक बालक को बरसैता गुढ़ से दस्तयाब कर सकुशल परिजनो को किया सुपुर्द

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशानुशार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय हिमाली पाठक के नेतृत्व मे थाना सगरा पुलिस द्वारा नाबालिक बालक को बरसैता गुढ़ से दस्तयाब कर सकुशल परिजनो के किया सुपुर्द ।

घटना के संबंध में सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया की फरियादिया के द्वारा अपने 13 वर्षीय नाबालिक बालक के अपहरण की रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के विरूध्द थाना मे दर्ज करायी गयी थी जिस पर थाना सगरा मे अपराध क्रमांक-25/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस. कायम किया गया । अपराध कायमी उपरांत लगातार प्रयासरत रहकर सूचना मिलने पर टीम तैयार किया जाकर तत्काल कार्यवाही करते हुये टीम को बसरैता थाना गुढ भेजा जाकर अपहृत नाबालिक बालक को कायमी कायमी उपरान्त दिनांक 04/03/2024 को बरसैता थाना गुढ़ जिला रीवा से दस्तयाब कर सकुशल उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सगरा उप निरी. अंकिता मिश्रा, कार्य. सउनि द्वारिका बागरी, आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह, आरक्षक रामनिवास साकेत की सराहनीय भूमिका रही।

**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )**
**( RCS A/0000103/2023 )**
राजगुरु दुबे============= वादी
Vs
In The Court Of III Civil Judge Class-II, Civil Court, Hatta, District-Damoh Presiding Officer: **सुश्री निशिता श्रीवास्तव**

ब्रजमोहन दुबे---------==प्रतिवादी

TID/238/2025
Process Id-/2025
पेशी दिनांक ~ 10/03/2025

**प्रेषिती-**
**( 1 ) मूलचंद तिवारी पिता स्व रामसेवक तिवारी पता निवासी प्लाट नंबर 154 कृष्णा कॉलोनी मथुरा जिला मथुरा उप्र**

यह कि प्रार्थी राजगुरु दुबे ने आपके विरुद्ध घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में %अत्यष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह-आज तारीख 05 स्ब्र्ढ्ढह्म्ष्द्ध 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की, मुद्रा**
**टिप्पणी:, प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतु पेपर प्रकाशन के माध्यम से नोटिस जारी कृपया ध्यान है जिनी**
**1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**( सुश्री विदिशा श्रीवास्तव )**
**तृतीय व्यवहार न्यायालय**
**न्यायाधीश हटा,**
**जिला- दमोड ( म.प्र. )**

# गर्मियों की छुट्टियों में राजस्थान के लिए चले विशेष रेलगाडियां

## डीआरयूसीसी सदस्य सेमलानी सहित प्रवासी मिले मंडल रेल प्रबंधक से

**डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान**



**बेंगलूरु।** दक्षिण पश्चिम रेलवे बेंगलूरु मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य अश्विन सेमलानी के नेतृत्व में राजस्थानी प्रवासियों ने गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक बेंगलूरु अमितेश कुमार सिन्हा से शिष्टाचार भेंट की। सेमलानी ने उन्हें राजस्थानी प्रवासियों की मांगों का एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि बेंगलूरु से अजमेर के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 16209/16210 का ठहराव पाली जिले के जवाईबांध स्टेशन पर सुनिश्चत कराने से हजारों यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। जवाईबांध व इस स्टेशन के आसपास के गावों के हजारों लोग बेंगलूरु-मैसूरु में अपना व्यवसाय एवं नौकरी करते हैं। ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित होने से कर्नाटक में रहने वाले प्रवासियों को अपने घर जाने के लिए परेशान का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि कर्नाटक के बेंगलूरु, मैसूरु और हुब्बल्ली से राजस्थान के प्रमुख जयपुर, जोधपुर, अजमेर, जालोर, बाड़मेर, उदयपुर तथा कोटा शहर के लिए दैनिक ट्रेन नहीं होने के कारण राजस्थानी प्रवासियों को अपने शहर, गांव जाने में ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बेंगलूरु, मैसूरु और हुब्बल्ली-धारवाड़ शहरों में हजारों की संख्या में राजस्थानी प्रवास करते हैं। बेंगलूरु से जोधपुर वाया भीलड़ी-जालोर अभी तक रेल की सीधी सुविधा नहीं है। बेंगलूरु से भीलड़ी-जालोर मार्ग पर वाया हुब्बल्ली, पुणे मात्र एक ही ट्रेन संख्या 14805/06 चलती है। इसमें क्षमता से अधिक यात्री भार होने के कारण लोगों को आरक्षण मिलना बहुत मुश्किल होता है। इस ट्रेन को साप्ताहिक से त्रिसाप्ताहिक करने के साथ इस मार्ग पर बेंगलूरु से जोधपुर वाया भीलड़ी-जालोर एक अतिरिक्त ट्रेन चलाई जाने की मांग की। इस अवसर पर दिलीप जैन, मूलसिंह राजपुरोहित भी उपस्थित थे। सेमलानी ने बताया कि रेलवे ने राजस्थान के विभिन्न शहरों के लिए मैसूरु व बेंगलूरु से दस जोड़ा ट्रेन चला रखी है। ताज्जुब की बात ये है कि इनमें से एक भी ट्रेन दैनिक नहीं है। बेंगलूरु-मैसूरु व यशवंतपुर से राजस्थान की ओर जाने वाली नौ ट्रेनों में से पांच साप्ताहिक व चार द्विसाप्ताहिक ट्रेन है। हाल ये है कि कर्नाटक की राजधानी से राजस्थान की राजधानी को जोडने् के लिए मात्र दो ट्रेन हैं। इनमें एक यशवंतपुर जयपुर साप्ताहिक सुपर एक्सप्रेस वाया बल्लारी, सोलापुर व एक द्विसाप्ताहिक ट्रेन मैसूरु-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन वाया काचीगुड़ा, नागपुर है। उन्होंने यह भी बताया कि एक ताजा सर्वेक्षण अनुमान के मुताबिक करीब 20 लाख से अधिक राजस्थानी प्रवासी व्यवसाय, उद्योग धंधे व नौकरी के सिलसिले में समूचे कर्नाटक में रहते हैं। त्योहार, गर्मियों की छुट्टियों व वैवाहिक सीजन में प्रवासी बंधु अपने-अपने गांव सपरिवार जाते हैं। लेकिन ट्रेनों की संख्या कम होने के कारण प्रवासियों को या तो वेटिंग टिकट में सपरिवार यात्रा करने को मजबूर होना पड़ता है या फिर राजस्थान की ओर जाने वाली बसों में जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ती है।

# परसवाड़ा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर पर लगे - कागज बनाने के नाप पर वसूली का आरोप

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो दीपक बंशपाल**



बालाघाट वैसे तो सरकारी विभागों मे कागजी दस्तावेज बनवाना डिजिटलाइजेशन के युग में बहुत आसान हो गया, लेकिन अभी भी शासकीय विभागों में कुछ ऐसे काम होते हैं , दिन में डिजिटल माध्यम से सर्टिफिकेट नहीं बनाया जा सकता, अर्जुन माध्यमों में डिजिटाइजेशन नहीं है, वहां पर अधिकारी एवं कर्मचारी मनमानी ढंग से पैसों की वसूली कर सरकारी दस्तावेज बनाते हैं, जिस प्रशासन प्रशासन का किसी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं होता, और विभागीय लापरवाही की वजह से आम जनमानस को कष्ट उठाने पड़ते हैं, और आए दिन सरकारी विभागों के चक्कर काटने पड़ते हैं.

ऐसा ही एक मामला बालाघाट जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा में सामने आया हैं, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा के विभाग प्रमुख, अर्थात ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, के द्वारा मेडिकल सर्टिफिकेट सरकारी दस्तावेज बनाने के नाम पर ?500 की मांग कर बार-बार उसे ऑफिस के चक्कर लगवाए गए. और मामले के संज्ञान में आते ही , ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने पत्रकारों के साथ हुई, हुई बात में भी इस मामले पर 500 मांगे जाने की बात स्वीकारी.लोगों का यह भी आरोप है कि ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सप्ताह में कई दिन परसवाड़ा में न रहकर बाहर ही रहते हैं, एवं बाहर ही अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं, एक शासकीय एमबीबीएस डॉक्टर की पोस्टिंग जहां है, वहां से अन्यत्र कहीं और अपनी सेवाएं देते हैं, हम लोगों के द्वारा लगाएगा यह आप कितने सही है या गलत या तो एक जांच का विषय है, लेकिन एक छोटे से कागज को बनाने के लिए ?500 की मांग की जाना और वह भी एक शासकीय पद में रहकर यह दर्शाता है कि, शासकीय विभागों में भ्रष्टाचार किस चरम पर है । अब क्या बालाघाट कलेक्टर इस मामले पर संज्ञान लेते हुए, जांच एवं कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे, या फिर ऐसा ही सिलसिला, लगातार चलता रहेगा यह आने वाले समय ही बतलाएगा द्य

# प्राइवेट स्कूल टीचर ने छात्रा को प्रैक्टिकल में फेल करने की धमकी देकर 80 हजार वसूले

## टीचर गिरफ्तार, 50 हजार फिर मांगे थे, छह माह पहले घर से चुराकर दिए थे रुपए

**दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**




ताल में संचालित न्यू आर्यवीर सीनियर सेकंडरी स्कूल के एक टीचर ने छात्रा को प्रैक्टिकल परीक्षा में फेल करने की धमकी देकर 80 हजार रुपए ऐंठ लिए। सिर्फ ये ही नहीं 50 हजार रुपए और मांगे तथा नहीं देने पर रिजल्ट बिगाड़ने के साथ ही पैरेंट्स को जान से खत्म करने की धमकी दी। छात्रा के परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन का रिमांड लिया है। ताल थाने के अनुसार आरोपी प्रदीपसिंह राजपूत निवासी ग्राम लसुड़ियाखेड़ी ताल के न्यू आर्यवीर सीनियर सेकंडरी स्कूल में टीचर है। उसने एक छात्रा को बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट बिगाड़ने तथा प्रैक्टिकल परीक्षा में फेल करने की धमकी और रुपए वसूले। गांव में ही रहने वाली छात्रा के परिजन ने ताल थाने में 4 मार्च की देर शाम रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें बताया 2 मार्च को छात्रा ने परिजन से 50 हजार रुपए मांगे कि मुझे स्कूल में टीचर को देना हैं। उन्होंने कारण पूछा तो छात्रा ने बताया 1 मार्च को एक्स्ट्रा क्लास के दौरान टीचर प्रदीपसिंह राजपूत (25) ने 50 हजार मांगे और नहीं देने पर फेल करने की

धमकी दी। ये बात पता चलने पर परिजन ने पूछा कि 6 महीने पहले भी घर से 80 हजार रुपए गायब हुए थे तो कहीं वो भी छात्रा ने टीचर को तो नहीं दिए। तब छात्रा ने परिजन को बताया कि तब भी फेल करने व पैरेंट्स को मारने की धौंस देकर टीचर प्रदीपसिंह ने लिए थे। पुलिस ने इसी आधार पर बीएनएस की धारा 308 (5) में एफआईआर दर्ज की।

**मामले से स्कूल का कोई लेना-देना नहीं - संचालक**

जैसे ही प्रकरण की जानकारी मिली, मैंने संबंधित परिवार से संपर्क किया। जिस शिक्षक के खिलाफ केस दर्ज हुआ, वह किसी ऑपरेशन का कहकर डेढ़ से महीने छुट्टी पर था। दो-तीन दिन पहले ही ज्वाइन हुआ। छात्रा के परिजनों को वस्तुस्थिति बता दी कि मामले में स्कूल प्रबंधन की तरफ से शिक्षक की कोई मदद नहीं की गई। ना ही प्रकरण से विद्यालय का कोई लेना-देना है। पुलिस मामले की जांच व कार्रवाई कर रही है। जितेंद्रसिंह सिसौदिया, संचालक न्यू आर्यवीर सीनियर सेकंडरी स्कूल ताल

जांच अधिकारी एएसआई पंकज भंभोरिया ने बताया कि आरोपी टीचर प्रदीपसिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है। उसे को कोर्ट में पेश करके एक दिन के लिए रिमांड पर लिया है। पूछताछ की जा रही है। स्कूल की भूमिका की जांच भी करेंगे

# 'बालाघाट में नीट के छात्र ने मां बाप पर सब्बल से हमला किया. जिससे मां की मौत हुई

## पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो दीपक बंशपाल**



**बालाघाट** बालाघाट- जिले के वारासिवनी थाना क्षेत्र में मोबाइल देखने से मना करने पर एक युवक ने अपने मां-बाप पर सब्बल से हमला कर दिया. दोनों को गोंदिया के अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां मंगलवार को इलाज के दौरान मां की मौत हो गई. वहीं पिता गंभीर रूप से घायल हैं, उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है. पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. वहीं बुधवार को मृतका का अंतिम संस्कार किया गया.

**बेटे ने माता-पिता पर किया हमला, मां की मौत :** जानकारी अनुसार, वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम सिकन्द्रा में 3 मार्च की रात्रि में युवक सत्यम कटरे ( उम्र 20 वर्ष) ने अपने माता-पिता किशोर कटरे व प्रतिभा कटरे पर सब्बल व सरिए की राड से हमला कर उन्हे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया. इसके बाद सत्यम कटरे ने ही 100 डायल को और अपने रिश्तेदारों को फोन कर एवं व्हाट्सएप ग्रुप पर जानकारी दी. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों घायल माता पिता को अस्पताल पहुंचाया.

# मंत्री पटेल के बयान पर कांग्रेस का हंगामा

**दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**





आलोट विधानसभा के चारों ब्लॉक में पुतला दहन, मंत्रिमंडल से निष्कासन की मांग। कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस लगातार उन पर हमलावर है। इसी कड़ी 6 मार्च को आलोट विधानसभा के आलोट,ताल,खरवा,बडावदा मंडल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर मंत्री पहलाद पटेल का पुतला दहन किया है।

मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री पटेल का पुतला जलाया, ताल में पुतला दहन के दौरान पुलिस व प्रदर्शन कार्यो के बीच हल्की सी झड़प भी हुई।

**मंत्री पटेल को हटाने की मांग:** ताल नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनिल शुक्ला कांग्रेस का कहना है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री तुरंत प्रहलाद पटेल से इस्तीफा लेकर उन्हें मंत्रिमंडल से बेदखल करें,मंत्री प्रहलाद पटेल ने जनता की मांगों को भीख करार देकर लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया है। कहा कि मंत्री का बयान निंदनीय है और उन्हें जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की,तो कांग्रेस पूरे जिले में चरणबद्ध आंदोलन करेगी। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने वॉटर कैनन से आग बुझाने का प्रयास किया, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की झड़प हो गई इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता को ताल नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनिल शुक्ला,शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिनव निगम, पार्षद प्रतिनिधि नागेश खारोल, मानस चावला,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शंकर सिंह परिहार,पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर सिंह परिहार पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश पाठक कांग्रेस नेत्री संजू भाटी, बड़ावदा नगर परिषद पार्षद पदमा जैन,रशीद पठान नगर परिषद उपाध्यक्ष बड़वदा, जगदीश पाटीदार, जनपद सदस्य राजू डाबी, पूर्व जनपद सदस्य चंद्र बोडाना, सहित कहीं कांग्रेस नेता विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।



# हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

दमोह - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के ग्राम भदौली-कटनी स्टेट हाइवे में हुई सड़क दुर्घटना में देवकरन काछी की मृत्यु होने पर मृत के वारिसान साकिन रमेश पटेल निवासी ग्राम भदौली तहसील दमोह को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

# बालाघाट जिले के परसवाड़ा महाविद्यालय मे मनाया गया जनजाति दिवस कार्यक्रम -महाविद्यालय के बच्चों ने झूमकर नचा




**केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो दीपक बंशपाल**

बालाघाट ? परसवाडा- रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय परसवाड़ा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल. एल. घोरमारे सर के निर्देशन एवं डॉ अरुण कुमार वैद्य की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जनजाति गौरव दिवस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रस्तावना का उल्लेख कार्यक्रम संयोजक श्री देवऋषि भलावी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेंद्र रणवीर सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता डॉ घनश्याम परते, उपसंचालक, पशु चिकित्सा विभाग, बालाघाट द्वारा वीर जनजाति नायक एवं नायिकाओं और उनके कार्य, त्याग, बलिदान, जनजाति संस्कृति सभ्यता, जनजाति ऐतिहासिक धरोहर तथा विषय से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला गया।

सम्मल सिंह धुर्वे की अध्यक्षता मे आयोजित हुआ कार्यक्रम - मुख्य अतिथि श्री सम्मल सिंह धुर्वे अध्यक्ष जनपद पंचायत परसवाड़ा द्वारा जनजाति संस्कृति, गुमनाम नायको उनके नेतृत्व क्षमता, जनजाति ऐतिहासिक धरोहर, एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विशिष्ट अतिथि श्री दरबू सिंह उइके पूर्व विधायक विधानसभा क्षेत्र परसवाड़ा द्वारा रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा, जनजाति परंपरा, जनजाति नायकों के कार्य, गोंडवाना साम्राज्य और उसके विस्तार क्षेत्र पर अपने विचार व्यक्त किए गए। विशिष्ट अतिथि श्री निरख राम अमूले, अध्यक्ष, जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय परसवाड़ा द्वारा जनजाति संस्कृति एवं उसकी गौरवशाली परंपरा, जनजाति इतिहास, उनके आध्यात्मिक योगदान पर विचार व्यक्त किए गए। आभार प्रदर्शन डॉक्टर विशाखा मसूरकर सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन अधिकारी, कर्मचारी एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया ।

# ओवरब्रिज के लिए आलोट-विक्रमगढ़ बंद:15 दिन में स्वीकृत करने की मांग,24 साल से जनता कर रही इंतजार,विरोध के दौरान रहवासियों का जनप्रतिनिधि पर गुस्सा फूटा

**दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**





आलोट और विक्रमगढ़ में गुरुवार को ओवरब्रिज की मांग को लेकर पूर्ण बंद रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति ने एसडीएम सुनील कुमार जायसवाल को मुख्यमंत्री के नाम और रेलवे स्टेशन अधीक्षक को रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

विक्रमगढ़ गेट नंबर 21 पर ओवरब्रिज की मांग पिछले 24 वर्षों से लंबित है। इस रेलवे क्रॉसिंग से आलोट विधानसभा के 50 गांवों का आवागमन होता है। यहां से आलोट-मंदसौर, आलोट-झालावाड़, आलोट-आगर और आलोट-रतलाम स्टेट हाईवे गुजरते हैं रेलगाड़ियों के आवागमन के दौरान फाटक 30-40 मिनट तक बंद रहता है। इससे दोनों तरफ लंबा जाम लग जाता है। एंबुलेंस, पुलिस और दमकल जैसे आपातकालीन वाहन भी फंस जाते हैं। पिछले वर्षों में फाटक बंद होने से कई मरीजों की मौत हो चुकी है। कई लोग ट्रेन की चपेट में आकर जान भी गंवा चुके हैं।

ओवरब्रिज की स्वीकृति 2016-17 में मिल चुकी है। वित्तीय वर्ष 2017 से 2024 के बजट में रेलवे की पिंक बुक में यह प्रोजेक्ट शामिल है। स्थानीय लोगों ने 15 दिनों के भीतर टेंडर जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

**संघर्ष समिति के सदस्यों का जनप्रतिनिधियों पर गुस्सा फूटा:** संघर्ष समिति के सदस्यों ने जनप्रतिनिधि की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए उनको भी आड़े हाथ लिया और कहां की भूमाफियाओं के इशारों पर ओवर ब्रिज की स्वीकृति नहीं मिल पा रही है रेलवे द्वारा बनाए गए नक्शे पर अगर ब्रिज के टेंडर होते हैं तो कई माफिया की जमीन इस ब्रिज में चली जाएगी, माफिया जनप्रतिनिधि से साठ गाठ कर इस नक्शे को चेंज करवाने में लगे हुए हैं।

# बीए प्रथम वर्ष की छात्रा को पढाई के लिए दी सहायता राशि

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ऋतु पुत्री श्री रोशनलाल आदिवासी निवासी श्योपुर को पढाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। छात्रा ने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी पढाई जारी रखने के लिए आर्थिक सहायता राशि की मांग की गई थी। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा छात्रा को रेडक्रॉस के माध्यम से ढाई हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

# सीवन शुद्धिकरण महाअभियान चलाये जाने हेतु बैठक आज

नितिन जोहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर



**सीहोर।** नगर के युवा समाजसेवी डॉ.गगन नामदेव ने बताया कि शहर की जीवन दायिनी सीवन नदी जो कि हम सबका आस्था का केन्द्र भी है। सावन में यहीं हमारे सनाती भाई-बहन कावड़ में जल लेकर हमारे आराध्य भगवान शिव पर चढ़ाते है। परन्तु जलकुम्भी भराव एवं पूजन सामग्री के कारण सीवन नदी दुषित हो गया है। शहर के बीचो-बीच होने से इसी नदी से हमारे शहर के कोर, कुएँ इत्यादि रिचार्ज होते हैं। हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि हम मिलकर सीवन स्वच्छता अभियान चलायें और सीवन शुद्धिकरण महाअभियान का हिस्सा बनकर इस पुनीत में अपनी सहभागिता निभायें। सीहोर शहर के हर नागरिक से किया गया है कि आप सब आज दिनांक दिनांक 7 मार्च 2025 को सुबह 9 बजे संघ कार्यालय के पास आयोजित बैठक भाग लेवें। जिसमे आप सभी के विचार-विमर्श और सहयोग से हम मिलकर आगामी दिनांक 1 अप्रैल 2025 से सीवन शुद्धिकरण अभियान को प्रारम्भ कर सके।

# बहू ने सास को दिया ब्लॉड रिश्तो के साथ-साथ इंसानियत की अनमोल मिसाइल



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह** -जिला चिकित्सालय में पदस्थ नेत्र विशेषज्ञ डाँक्टर सुधा राय ने अपनी सास मालती राय को को ब्लॉड दिया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डाँ. राकेश राय ने आमजन से आग्रह करते हुए कहा जरूरत मंद को ब्लॉड अवश्य दे, आपका छोटा सा योगदान किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता हैं। उन्होंने कहा मरीज के परिजन ब्लॉड डोनेट करने जरूर आगे आयें। डाँ राय ने कहा ब्लॉड दान करने से कोई परेशानी नहीं होती हैं।

# पानी चोरी रोकने नपा का अमला काहिरी डेम में बोटिंग से कर रहा निरीक्षण

## आरक्षित जलाशयों से पानी चोरी, नगरपालिका सख्त, दर्ज होगी एफआईआर

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर



**सीहोर।** शहर में जल वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए शहर के पेयजल के लिए सुरक्षित प्रमुख जल स्त्रोतों काहिरी बंधान पर नगरपालिका के द्वारा टीम ने नावों से निरीक्षण की कार्रवाई शुरू कर दी है। गत दिनों नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित के अलावा पार्षदों और पेयजल प्रभारी आदि ने निरीक्षण किया था, लेकिन गुरुवार से नगर पालिका ने 18 सदस्यीय टीम का गठन कर बोटिंग के माध्यम से काहिरी डेम का निरीक्षण किया।

काहिरी और भगवानपुरा डैम से पानी की चोरी नहीं रूक रही है। गत दिनों नगर पालिका की टीम ने भगवानपुरा डैम से पानी की चोरी करती सात-आठ मोटर हटाई थी। नगर पालिका के अमले ने पानी की चोरी करने वाले किसानों को भी सख्त हिदायत दी है कि वे पेयजल सप्लाई के लिए संरक्षित पानी से सिंचाई का काम बंद करें। यदि फिर से पानी की चोरी की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेयजल स्त्रोतों से आरक्षित पानी लगातार चोरी हो रहा है। नदी, नालों और डैमों में बड़ी-बड़ी पानी की मोटर डाल कर पानी की चोरी की जा रही है। यदि इसी रफ्तार से पानी चोरी होती रही तो आने वाले दिनों में शहर के लिए आरक्षित पानी भी खत्म हो जाएगा। भीषण गर्मी के दौर में जलसंकट गहराने के हालात बन सकते हैं। इन शिकायतों को लेकर नपा सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने आरक्षित जलाशयों से पानी का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के साथ-साथ जलाशयों के निरीक्षण से नावों से कर्मचारियों को तैनात कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। पूर्व में भी कार्रवाई कर पाइप जब्त कर नगर पालिका की सुपुर्दगी में दिए थे।

जानकारी के अनुसार बीते साल जिले में सामान्य से कम वर्षा रही, आगामी गर्मियों में जल संकट की स्थिति न बने इसलिए पानी सहेजना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी हो जाती है, लेकिन बीते कुछ महिनों से जल स्त्रोतों में से बड़ी मात्रा में पानी चोरी हो रहा है और इस ओर किसी का ध्यान ही नहीं। ऐसे में प्रशासन की अनदेखी कहीं गर्मियों में सीहोर शहर में जल संकट खडा न कर दे। देखने में यह आ रहा है कि बीते कुछ माहिनों से शहर की प्यास बुझाने वाले काहिरी बंधान और जमोनिया तालाब से बड़ी मात्रा में पानी चोरी हो रहा है। कई तालाब में मोटर और पाईप डालकर रोजाना पानी चोरी किए जा रहे हैं। जमोनिया डेम में अनेकों किसानों पाईन लाईन और बिजली तार बिछा रखे हैं यह किसान बड़ी मात्रा में तालाब से पानी चोरी कर रहे हैं।

# प्रार्थना हॉस्पिटल ने ली एक और प्रसूता की जान !

## पीड़ित पक्ष ने दर्ज कराई शिकायत

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*







डॉ. सोनल अग्रवाल पर लापरवाही पूर्वक ऑपरेशन करने का आरोप, हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने खड़ा कर दिया था हाथ

शहर के नया बस स्टैंड के समीप स्थित प्रार्थना हॉस्पिटल में एक और प्रसूता की जान चली गई है। आरोप है कि डॉ. सोनल अग्रवाल ने ऑपरेशन में लापरवाही बरती, जिससे प्रसूता की मौत हो गई। बहरहाल इस मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने समान थाना पहुंच कर मंगलवार को शिकायत दर्ज कराया है। साथ ही कहा है कि कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जायेगा।

शिकायत लेकर समान थाना पहुंचे पीड़ित अरुण सिंह बिसेन पुत्र रामानंद सिंह 59 वर्ष निवासी पड़रा रीवा ने बताया कि उनकी बहू अंजली सिंह गर्भवती थी। जिसका उपचार प्रार्थना हॉस्पिटल में डॉ. सोनल अग्रवाल द्वारा किया जा रहा था। जांच के दौरान शुरुआत में डॉ. सोनल अग्रवाल ने डिलिवरी डेट 22 फरवरी बताया था। लेकिन जब अंजली को परिजन 4 फरवरी को चेकअप के लिये प्रार्थना हॉस्पिटल ले जाया गया तो डॉ. अग्रवाल ने भर्ती कर लिया। इसके बाद उसे कुछ दवाईयां दी गई, जिससे अंजली की हालत बिगड़ गई। ब्लड प्रेशर लो हो गया और खांसी आने लगी। इसके बाद डॉ. सोनल अग्रवाल पहुंची और अंजली को सीधे ऑपरेशन थिएटर में ले गई। जहां ऑपरेशन किया गया। इस दौरान बच्ची ने जन्म लिया। अस्पताल स्टाफ परिजनों से बताया कि बच्ची पैदा हुई है, अंजली भी ठीक है, लेकिन उसे अभी ओटी में ही रखना पड़ेगा। कुछ देर बाद रात करीब 11 बजे बताया गया कि अंजली की हालत बेहद नाजुक है। ब्लीडिंग होने की वजह से हालत बिगड़ती जा रही है। इसे दूसरे अस्पताल ले जाना होगा। लिहाजा परिजन आनन-फानन में जबलपुर के सेल्वी हॉस्पिटल ले गये। जहां एक सप्ताह बाद यानी 14 फरवरी को अंजली की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉ. सोनल अग्रवाल के द्वारा लापरवाही पूर्वक किया गये ऑपरेशन की वजह से ही अंजली की हालत बिगड़ी और उसकी जान चली गई।

**पूर्व में भी हो चुकी हैं घटनाएं :** प्रार्थना हॉस्पिटल में यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी कई मरीजों की जान यहां चिकित्सकों की लापरवाही के कारण जा चुकी है। जिसकी शिकायत भी पुलिस समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से की गई है। कई बार अस्पताल में परिजनों ने इसी रवैये के चलते हंगामा भी किया है। लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। जिसके चलते अस्पताल प्रबंधन व वहां तैनात चिकित्सकों के हौसले बुलंद हैं।

### निकाल दिया था यूट्रस

परिजनों ने बताया कि जब वह अंजली को सेल्वी हॉस्पिटल जबलपुर लेकर पहुंचे तो वहां के चिकित्सकों ने जांच किया और मौखिक रूप से बताया कि अंजली का यूट्रस निकाल दिया गया। जिसकी वजह से अत्यधिक ब्लीडिंग हो गई है। नश भी कट गई है। ऐसे में उसे बचाना मुश्किल है। लिहाजा परिजनों ने डॉक्टरों के कहने पर 22 यूनिट ब्लड की व्यवस्था भी की, लेकिन उसकी जान नहीं बचायी जा सकी।

# जिले में अमानक स्तर के दूध व्यापार रोक, एक पक्षीय प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ- कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले में मिलावटी दूध के व्यापार की रोकथाम के दृष्टिगत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। उन्होंने नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत शाक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में सम्पूर्ण राजस्व सीमा के अंदर अमानक दूध के व्यापार पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए आदेशित किया है कि जिस दूध चिलिंग सेंटर पर प्रतिदिन 02 हजार लीटर दूध से तक या उससे अधिक एकत्रित होता है, उक्त सेंटर पर इको मिक्स मशीन, बी.आर. शीडिंग मशीन, लेक्टोमीटर, पेफ टेस्टिंग मशीन, स्ट्रीप टेस्टींग मशीन उपलब्ध होना अनिवार्य है। जिससे सेंटर संचालक द्वारा स्वयं दूध की गुणवत्ता परीक्षण कर सके। उक्त प्रावधान खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं नियम/विनियम 2001 में प्रावधानित है।

उपरोक्त स्थिति एवं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए आदेश के संबंध में सर्व साधारण को सूचना पत्र जारी कर सम्यक रूप से सुनवाई की जाना संभव नहीं है। अत- आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत एक पक्षीय पारित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 अंतर्गत वैद्यानिक/दाण्डिक कार्यवाही की जाएगी।

# परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगपुर के लिये पटवारी तहसील जबेरा सोनेलाल गौंड कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दमोह - माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधि के आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस थाना जबेरा अंतर्गत परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगपुर के लिये पटवारी तहसील जबेरा सोनेलाल गौंड को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया है। पूर्व में पटवारी तहसील जबेरा कमलेश जैन को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया गया था।

# आंगनवाडी नियमित नहीं खोलने पर आंगनवाडी कार्यकर्ता के खिलाफ होगी कार्रवाई

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान



महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**राजगढ** - कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा है कि जिले के आंगनवाडी केन्द्र नियमित रूप से संचालित हों। जिन आंगनवाडी केन्द्रों का ऑनलाईन संचालन बंद पाया जाएगा उन आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए आंगनवाडी पर्यवेक्षक भी जवाबदेह होंगे। गुरूवार को आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन में लापरवाही पाए जाने पर ब्यावरा विकासखण्ड के आंगनवाडी केन्द्र पाला की आंगनवाडी कार्यकर्ता की सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विकासखण्ड खिलचीपुर, ब्यावरा एवं खुजनेर में आंगनवाडी खोलने की स्थिति में सुधार लाने के लिए भी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर जीरापुर एवं खुजनरे के बाल विकास अधिकारियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों के संचालन में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुनीता यादव सहित विभागीय मैदानी अमला मौजूद था।

# नेशनल लोक अदालत 08 मार्च को

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) के वार्षिक कैलेण्डर अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च, 2025 को प्रात: 10-15 बजे जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर में किया जाएगा।

# साधना की सर्वोत्तम सिद्धि प्राप्त करने हेतु योग्यवान बनें : कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु वसंत विजयानंद गिरी जी

## भव्यता के साथ जगद्गुरु पदारोहण पट्टाभिषेक कार्यक्रम 9 मार्च को कृष्णगिरी में

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान

**कृष्णगिरी।** सतयुग हो या द्वापर युग उन युगों में व्यक्ति को सत्संग की जरूरत नहीं थी, सत्संग की महत्ती आवश्यकता है आज के कलयुग में। क्योंकि मनुष्य का शत्रु काम, क्रोध और विकार के रूप में कब राक्षस के रूप में प्रकट हो जाए पता नहीं चलता, तभी आज के दौर में खून के रिश्ते भी तार तार हो रहे हैं। कहीं किसी स्तर पर लाज, लज्जा अथवा भय नहीं रह गया है। यह कहा परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरीजी महाराज ने।

वे यहां शक्तिपीठ तीर्थ धाम में 9 मार्च को अपने 56 में प्राकट्योत्सव एवं जगद्गुरु पदारोहण पट्टाभिषेक कार्यक्रम से पूर्व आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में शामिल भक्तों को संबोधित कर रहे थे। गुरुवार को शुक्ल पक्ष की उत्तम सप्तमी तिथि, गुरुओं के गुरु जगत गुरु भगवान श्रीकृष्ण के रोहिणी नक्षत्र के अद्भुत संयोग का बखान करते हुए देश और दुनिया भर के विभिन्न प्रांत, शहरों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं से उन्होंने कहा कि मनुष्य के लिए ज्ञान लेने का कोई समय निर्धारित नहीं होना चाहिए। सत्संग संसार की स्वच्छंदता से मुक्त करके अनुशासन एवं ताकत दिला सकता है। कृष्णगिरी स्थित विश्व प्रसिद्ध श्रीपार्श्व पद्मावती शक्ति पीठ तीर्थ धाम को साधकों की पतित पावन पवित्र सुरम्य भूमि बताते हुए श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि यहां सिद्धि के लिए साधना ही होती है। वर्तमान परिपेक्ष में साधना को विस्तार से परिभाषित



करते हुए परिव्राजकाचार्य जगद्गुरुजी ने कहा कि दुर्गुणों का सतत अवलोकन विकारों की स्वीकृति एवं किसी भी प्रकार के मद से दूर रहना सच्ची साधना है। अर्थात स्वयं के विकारों का अवलोकन करने व सधना ही साधना है। उन्होंने कहा प्रकृति का नियम कहता है सधने वाले व्यक्ति के जीवन से विकार स्वत- नष्ट होकर संयम में बदल जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विकास ने पूर्ण चक्र के लिए प्रकृति सतत प्रयास करती है। पूज्यपादश्री जगद्गुरुजी ने कहा कि धन, आरोग्य, आत्मज्ञान एवं मुक्ति के लिए की जाने वाली साधना की सर्वोत्तम सिद्धि प्राप्त करने के लिए तो योग्यवान बनना सर्वथा आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एक मनुष्य का मन प्रतिदिन 60 हजार प्रकार के विचार करता है। मन से बने मनुष्य की विस्तार से व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि योग साधना से ही विकारों के विचार नष्ट होंगे और किसी भी प्रकार की साधना के लिए सधना ही जरूरी है। इससे पूर्व सुबह के सत्र में देवी मां पद्मावती की चमत्कारिक प्रतिमा का उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने सैकड़ो किलो केसर युक्त दुग्ध से अभिषेक किया। फिर साधना कक्ष में मंत्र जाप किया। शाम के सत्र में पूज्यपाद गुरुदेवश्रीजी की पावन निश्रा में 16 दिवसीय श्री भैरव पद्मावती हवन यज्ञ में अनेक बीज मंत्रों के साथ काशी के विद्वान पंडितो द्वारा आहुतियां का क्रम जारी रहा। महा आरती के साथ संपन्न हुए कार्यक्रम में आगंतुक सभी श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संतश्रीजी के अधिकृत यूट्यूब चैनल थॉट योगा पर लाइव प्रसारित किया जा रहा है।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर शुक्रवार 7 मार्च 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रत्येक हितग्राहियों को दिलाए लाभ : सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह

**शहडोल/अनूपपुर।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ समय पर दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधि के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन शत प्रतिशत सेचुरेशन के साथ करना सुनिश्चित करें तथा विकास कार्यों को गुणवत्तायुक्त एवं समय सीमा में कराकर जिले के सभी लोगों को इसका लाभ भी प्रदान किया जाए। बैठक में समिति की अध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने विभागीय अधिकारी आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करें तथा क्षेत्र का भ्रमण कर विकास के कार्यों को मूर्तरूप देने में जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करें। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिंह मार्को, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, दिशा समिति के सदस्य हीरा सिंह श्याम, श्रीमती गुड़िया रौतेल, हनुमान गर्ग, जनपद अध्यक्ष जैतहरी राजीव सिंह, जनपद अध्यक्ष कोतमा जीवन सिंह, नगरपालिका कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ, नगरपालिका बिजुरी की अध्यक्ष श्रीमती शहबिन पनिका, नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष सुनील चौरसिया, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के. सोनी, वन विभाग के एसडीओ अंशुल तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सांसद ने जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रगतिरत कार्यों की विभागवार जानकारी प्राप्त की। बैठक में सांसद को अवगत कराया गया कि जिले में 2023-24 में 271 कार्य प्रगतिरत है, जिन्हें जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में सांसद ने इन कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तायुक्त पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सांसद ने कहा कि जिले में कोई भी निर्माण कार्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भूमि पूजन के साथ प्रारंभ करें तथा कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात लोकार्पण भी कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सांसद ने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले के जल




सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न

संरचनाओं एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। इस दौरान सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में कराए गए बोरिंग से पानी नहीं निकलने की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गंभीरता से लेते हुए बोर का परीक्षण कर टेक्निकल समस्या को दूर करें तथा लोगों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल मुहैया कराएं। इस दौरान सांसद द्वारा जल संसाधन विभाग की जलाशय निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में जल संसाधन विभाग के 8 कार्य प्रगतिरत हैं, जिन्हें जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान सांसद द्वारा जल संसाधन विभाग के अधिकारी को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जिले में महत्वपूर्ण जल संरचनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए तथा ऐसी जल संरचना जो पूर्व में पूर्ण हो चुकी हैं तथा छोटी-छोटी तकनीकी कमियो के कारण लोगों को जल मुहैया नहीं हो पा रहा है, उन कमियों को दूर करने का भी प्रयास किया जाए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित कर जल संरचनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद ने ऊर्जा विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, सेतु निगम के अनूपपुर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण, जनजातीय कार्य विभाग, वन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खनिज प्रतिष्ठान मद, पीडब्ल्यूडी एवं पीआईयू के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क एवं कार्य, स्वास्थ्य विभाग, सर्व शिक्षा अभियान के कार्यों के साथ-साथ एसईसीएल जमुना कोतमा, हंसदेव, सोहागपुर के द्वारा संचालित विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी पर विस्तार से चर्चा कर सर्व संबंधितों को लंबित कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। दिशा समिति के सदस्य जनपद पंचायत कोतमा के अध्यक्ष, नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष, नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष जैतहरी, दिशा समिति के सदस्य हीरा सिंह श्याम सहित अन्य क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय समस्याओं की ओर सांसद का ध्यान आकृष्ट कराया। जिस पर सांसद ने इसके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सांसद ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सरकार की मंशा के अनुरूप घर-घर नल से जल योजना से लोगों को लाभान्वित करने, आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र शेष बचे लोगों को लाभान्वित करने, कालरी क्षेत्र के नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए भूमि संबंधी समस्याओं का निराकरण, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के संचालन तथा प्रचार-प्रसार करने तथा अधूरे निर्माण कार्यों को कन्वर्जेन्स से पूर्ण करने के संबंध में समीक्षा कर निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए साप्ताहिक समय सीमा की बैठक तथा विभागों की विशेष समीक्षा बैठक लेकर कार्यों और योजनाओं की मॉनिटरिंग तथा समीक्षा की जाती है। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक में अंर्तविभागीय समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाता है। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए पूर्व में विभिन्न ग्राम पंचायत में प्रथम चरण में कैंप लगाए गए जिसमें राजस्व के ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार द्वितीय चरण में अप्रैल माह से पुन: कैंप आयोजित किए जाएंगे तथा राजस्व सहित अन्य विभिन्न योजनाओं का मिशन मोड पर लोगों को लाभ दिलाया जाएगा। इसी प्रकार बैठक में कलेक्टर ने डीएमएफ मद एवं जल प्रदाय योजना के संबंध में किए गए प्रयासों से सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह को अवगत कराया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने विगत बैठक के कार्यवाही विवरण के संबंध में जानकारी दी तथा पालन प्रतिवेदन के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा जानकारी बैठक में रखी गई। बैठक में सांसद द्वारा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं स्थानीय समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# राकेश सोनी बने कार्यालय प्रभारी, भूपेंद्र मिश्रा को मिली 'मन की बात' की जिम्मेदारी

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने जिला कार्यालय प्रभारी एवं 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रभारीयों की नियुक्ति

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य वार्ड नंबर 15 के पार्षद राकेश सोनी को संभागीय मुख्यालय शहडोल भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय का कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया है तो वही भाजपा के पूर्व महामंत्री, जनपद पंचायत सोहागपुर के पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया है कि भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती



अमिता चपरा ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित होने वाली सभी महत्वपूर्ण बैठके आयोजित होने वाली कार्यक्रमों एवं कार्यालय का संपूर्ण कार्य सुचारू रूप संचालन के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता पार्षद राकेश सोनी की नियुक्ति जिला कार्यालय प्रभारी के रूप में की है तो वही भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम का जिला प्रभारी का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इनकी नियुक्ति पर इन्होंने दी बधाई भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक जयसिंह मरावी, विधायक शरद कोल, जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, राकेश तिवारी, जिला महामंत्री संतोष लोहानी, दीपक शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर प्रताप सिंह, प्रकाश जगवानी, योगेंद्र चतुर्वेदी, सुभाष सोनी, राजेंद्र भारती, नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा डोली, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश तिवारी, विजय गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, पिंकू शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह मीनू, अरुण चपरा, संतोष मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, अमित दुबे गोल्डी, अमित गुप्ता बंटी, आदित्य चपरा, सुनील मिश्रा, अरुण द्विवेदी, सौरभ गोले, अभिषेक चौकसे, ऋषिराज गुप्ता, रोहित कटारे, विजय जसवानी, राजीव शर्मा, मंगलेश्वर सिंह, अतुल तिवारी, आदित्य पांडे, रवींद्र वर्मा, अनमोल सोनी, आशीष तिवारी, आलेख श्रीवास्तव, संतोष रावत, मनीष गुप्ता, अभीदीप सोनी, विनोद गुप्ता, रिकी विश्वकर्मा, श्रीकृष्ण गुप्ता हेमंत सोनी, अरुण पटेल, अभिषेक चौकसे, अनमोल सोनी, उर्मिला कटारे, सत्यभामा गुप्ता, निभा गुप्ता, नीलम चतुर्वेदी, राखी शर्मा, जयश्री कचेर, अंजुला नामदेव संगीता निगम सहित भाजपा जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने दी बधाई।

# पुलिस के द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही

**शहडोल।** थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत बुधवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रगाडाघाट, कुनुक नदी के पास कुछ व्यक्ति रेत का अवैध उत्खन्न कर परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर थाना जैतपुर पुलिस द्वारा सूचना पर नाकाबंदी कर एक रेत लोड ट्रेक्टर आता हुआ दिखा। पुलिस को आता देख ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भाग गया, जिसकी तलाश की गई, नहीं मिला, उक्त चालक की पता-तलाश जारी है। उक्त वाहन की तलाशी लेने पर अवैध रेत लोड होना पाया गया, परिवहन के संबंध में कोइ भी वैध दस्तावेज मांगने पर कोई भी दस्तावेज



प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे जैतपुर पुलिस द्वारा वाहन को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी चालक एवं वाहन मालिक विरूद्ध बी.एन.एस एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# पी.एम. आयुष्मान भारत निरामयम् योजना नारायण प्रजापति के लिए बनी वरदान



**शहडोल।** शासन की राष्ट्रीय बाल्य स्वास्थ्य कार्यक्रम जन्म से 18 वर्ष के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। बच्चे जो कटे-फटे होंठ, तालू, टेढ़े-मेढ़े पैर हृदय रोग से पीड़ित तथा अन्य जन्मजात विकृतियों से ग्रसित हैं उन्हें इन बिमारियों से निजात दिलाने के लिए जिला स्तर शिविर आयोजित कर बच्चों का परामर्श उपचार तथा इको जॉच आदि शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के अन्तर्गत बनाए गये आयुष्मान कार्ड उन बच्चों के उपचार में मील का पत्थर साबित हो रही है जो परिवार अपने बच्चों का पैसों के अभाव में उपचार नही करा पाते। इसी कड़ी में शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम मसियारी निवासी 15 वर्षीय नारायण प्रजापति पिता स्व. बाबूलाल प्रजापति जो बचपन से हृदय रोग से पीडित था और बच्चें की माता उसका उपचार नही करा पा रही थी। नारायण प्रजापित का जिला स्तरीय शिविर में जयसिंहनगर की आर.बी.एस. के. चिकित्सक डॉ. अनिल पनिका एवं डॉ.एस.आर. साहू द्वारा जिला स्तरीय शिविर मे उसकी इको जाँच कराई गई तथा गैलेक्सी अस्पताल जबलपुर के कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश दुबे द्वारा बच्चे का ऑपरेशन किया गया। नारायण प्रजापित की मॉ श्रीमती उर्मिला प्रजापित ने कहा कि बच्चे का उपचार नि:शुल्क किया गया जिससें बच्चा अब पूर्णत: स्वस्थ है। उनका कहना है कि उन्होंने कभी नही सोचा था कि मेरे बच्चे का नि:शुल्क उपचार होगा लेकिन पी.एम. आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के तहत मेरे बच्चे का नि:शुल्क उपचार हुआ इसके लिए मै प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा जिला प्रशासन का धन्यवाद देती हूं। गौरतलब है कि कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन तथा जिला प्रबंधक आर.बी.एस.के. कंचन पटेल के अगुवाई में बिमारियों से निजात दिलाने के लिए जिला स्तर शिविर आयोजित कर बच्चों का परामर्श, उपचार तथा इको जॉच आदि शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कराया जा रहा है।



# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैराथन दौड़ का किया गया आयोजन

**शहडोल।** विश्व् महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेन्ट्रल बैंक शहडोल के द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्मरक्षा, और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रणव कपूर, जिला अग्रणी प्रबंधक अमित चौरासिया, क्षेत्रीय कार्यालय एवं बैंक के समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

## शैक्षणिक सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों के लिए एमपी टास पोर्टल ओपन

**शहडोल।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण शहडोल ने जानकारी दी है जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्यनरत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियो के लिए पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना हेतु शैक्षणिक सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों के लिए एमपी टॉस पोर्टल आगामी 15 दिवस के लिए खोला गया है। पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन एमपी टॉस पोर्टल में कराना सुनिश्चित करें।

# निरोगी काया अभियान के तहत आयोजित हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य

**शहडोल।** विधायक श्रीमती मनीषा सिंह के नेतृत्व में निरोगी काया अभियान के तहत गुरूवार को जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत चुहिरी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला स्तरीय चिकित्सकों की टीम द्वारा ओपीडी के 199, सिकल सेल एनीमिया के 45, आई ओपीडी के 35, बीपी एवं शुगर के 110 सहित 9 अन्य मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती



प्रगति वर्मा, समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा, जनपद सदस्य श्रीमती रूकमणि मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेदमणि मिश्रा, सरपंच दिनेश टांडिया, खंड चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ. यूबी सिंह, डीएचओ-1 डॉ. आर.के. शुक्ला सहित अन्य समाजसेवी, चिकित्सक एवं आमजन उपस्थित रहे।

# जीपीएफ एवं ईजीपीएफ के भुगतान प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षण 10 एवं 11 मार्च को

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समस्त जिला आहरण संवितरण अधिकारी को पत्र जारी किया है कि शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि का अंतिम भुगतान ई-जीपीएफ के माध्यम से किये जाने का निर्णय लिया गया है जिसके तारतम्य में जिला कोषालय ग्वालियर में पायलेट टेस्टिंग कर ऑनलाइन जीपीएफ अंतिम भुगतान प्राधिकार पत्र महालेखाकार कार्यालय द्वारा सफलतापूर्वक जारी किये गये हैं। इस हेतु आईएफएमआईएस अंतर्गत ईजीपीएफ अंतिम भुगतान व्यवस्था पूरी तरह से ऑनलाईन है जिसमें शासकीय सेवक सेवानिवृत्ति के 4 माह पूर्व जीपीएफ अंतिम भुगतान हेतु आईएफएमआईएस में ऑनलाइन आवेदन करेगा। यह आवेदन स्वयं के लॉगिन से या विशेष परिस्थिति में डीडीओ ऑन विहाफ सुविधा का उपयोग कर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के साथ जीपीएफ पासबुक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों को स्कैन कर प्रकरण के सार ऑनलाइन महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित किये जायेंगे, जिससे अविलम्ब भुगतान की कार्यवाही की जा सकेगी। उक्त प्रक्रिया के सुचारु एवं सफल संचालन हेतु ई-दक्ष केन्द्र जिला मुख्यालय शहडोल में चार चरणों में 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 10 एवं 11 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। जिसमें वरिष्ठ कोषालय अधिकारी एवं सहायक कोषालय अधिकारी द्वारा समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# हत्या की घटना का सफल अनावरण, आरोपी हत्याभियुक्त पिता गिरफ्तार

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा थाना रामपुर मथुरा अंतर्गत 26.02.25 को कस्बा रामपुर मथुरा निवासी एक पांच वर्षीय बालिका शव के अवशेष मिलने की घटना में टीमों का गठन कर गहनतापूर्वक विस्तृत जांच/ प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर संलिप्तों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम थाना रामपुर मथुरा ङ्क प्रभारी निरीक्षक कृष्ण नंदन तिवारी, उ0नि0 उमाकान्त , का0 शिव कुमार थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर एसओजी टीम-निरीक्षक सतेन्द्र विक्रम सिंह ,उ0नि0 राजबहादुर , हे0का0 शराफत अली, हे0का0 रोहित कुमार, हे0का0 गुरुपाल, हे0का0 विष्णु सिंह, हे0का0 विशाल गुप्ता, का0 प्रशान्त शेखर सिंह, का0 रवी सिंह, का0 सोहनपाल, का0 राहुल कुमार, का0 अंकुर बालियान, का0 अभिषेक तोमर, का0 दीपक कुमार, का0 भूपेंद्र राणा। द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए संकलित साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आए संलिप्त अभियुक्त मृतका के पिता मोहित मिश्रा पुत्र बच्चू उर्फ रविन्द्र मिश्रा निवासी कस्बा व थाना रामपुर मथुरा सीतापुर को दुबघट्टा पुल कस्बा रामपुर मथुरा के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 25.02.25 को थाना रामपुर मथुरा पर बालिका तानी के घर से लापता होने के संबंध में पिता मोहित उपरोक्त से प्राप्त तहरीर पर मु.अ.सं. 51/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसके अगले ही दिन लापता बालिका का पैर का हिस्सा 26.02.25 को गांव के पास सरसो के खेत में मिलने पर टीमे लगाकर बालिका के शेष शरीर की तलाश की गयी जिसके अन्य अवशेष/धड़ मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। टीमो का गठन कर समस्त बिंदुओ पर गहनता से जांच/पूछताछ एवम् प्राप्त रिपोर्ट/तथ्यों के आधार पर मृतक बालिका के पिता मोहित उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया है। जिसने पूछताछ में बताया कि हमारे पड़ोसी रामू से हमारी काफी दोस्ती थी किंतु कुछ दिन पहले हुई कहासुनी के चलते हमने अपना एवम् अपने घर से उसके घर की ओर आना-जाना बंद कर दिया। किंतु मेरी पुत्री तानी मना करने के बाद भी मौका पाकर उसी पड़ोसी के यहाँ बच्चो के साथ खेलने चली जाती रहती थी। दिनाँक 25.2.2025 की शाम अपने घर से मोटरसाइकिल से निकला तो तानी, पड़ोसी के घर की तरफ से आ रही थी। मैने उससे कहा जब तुमको मना कर रहे हैं तो क्यो उधर जाती हो फिर उसे उसी गुस्से में मोटर साइकिल पर बैठा लिया और गाँव के बाहर जीलानी के सरसो के खेत के पास मोटर साइकिल वहीं खडी करके सडक के किनारे जमीन पर लेटा कर तानी का गला दाब दिया जिसके मृत होने पर वही थोडा आगे सरसो के खेत में तानी के लाश को छिपा दिया। घर पहुंचकर सबको दिखाने के लिए परिवार वालो के साथ इधर उधर ढूंढते रहा ।मौका पाकर फिर मै उसी सरसो के खेत में जाकर देख भी आया और फिर चुपके से घर आ गया और रात होने पर थाने पर जाकर तानी के गायब हो जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी लिखाई थी । जब अगले दिन दिनांक 26.2.2025 को छोटे बच्चे का पैर मिलने की सूचना मिली तो मै मौके पर गया था । जिसकी पहचान होने पर थाने पर आकर सूचना दिया था, जिसके बाद लगातार पुलिस व स्थानीय लोगो की तलाशी के दौरान उसका दूसरा पैर व तानी का कमर के ऊपर का शरीर भी क्षत विक्षत पडा मिल गया। गौरतलब है कि शव के साथ में जांघ की हड्डी व धड़ के नीचे का हिस्सा जो की जानवरो द्वारा खा लिया गया था वह भी क्षत विक्षत अवस्था में मौके से बरामद किया गया। डर से मै अपनी मोबाइल अपने घर छोड कर घर से गायब हो गया मेरे गायब होने की सूचना मेरे भाई ने थाने पर दे दिया था तो पुलिस और सक्रिय हो गयी

# देवगंवा पहुंचते ही पुष्पवर्षा से हुआ चौरासी कोसी परिक्रमा का भव्य स्वागत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीतापुर ।सनातन संस्कृति की अखंड आस्था और अनवरत श्रद्धा का प्रतीक चौरासी कोसी परिक्रमा भक्ति, उल्लास और दिव्यता के संग षष्ठम पड़ाव देवगंवा पहुंची। जैसे ही परिक्रमा देवगंवा की पावन धरा पर पहुंची, श्रद्धालुओं और प्रशासन ने पुष्पवर्षा कर, जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया। पूरा क्षेत्र राम नाम के उद्घोष, शंखनाद और घंटे-घड़ियालों की मंगल ध्वनि से भक्तिरस में डूब गया। परिक्रमा के देवगंवा पहुंचने पर श्रद्धालु और प्रशासनिक अधिकारी परिक्रमार्थियों की अगवानी के लिए आतुर दिखे। मिश्रिख उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने परिक्रमार्थियों पर पुष्पवर्षा कर, माल्यार्पण किया और स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। इस भव्य पड़ाव पर परिक्रमा समिति के अध्यक्ष महंत नारायणदास, सचिव महंत संतोष दास, व्यास पीठाधीश अनिल शास्त्री, महंत रंजीत शास्त्री, मंत्री महंत प्रीतमदास, विमल बजरंगी समेत अन्य संत-महंतों का प्रशासन की ओर से भव्य स्वागत किया गया। परिक्रमा मेला का घोड़ा और डंका जैसे ही देवगंवा की सीमा में गूंजा, क्षेत्र के जनमानस में आस्था और श्रद्धा की लहर दौड़ गई। श्रद्धालुओं ने भक्ति और उल्लास के साथ जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए परिक्रमार्थियों का स्वागत किया। परिक्रमा के इस दिव्य पड़ाव पर गाजे-बाजे, शंखनाद और संकीर्तन मंडलियों के स्वर संपूर्ण वातावरण में गूंज उठे।

संत-महंतों और परिक्रमार्थियों ने राम नाम संकीर्तन का ऐसा दिव्य प्रवाह प्रवाहित किया कि हर भक्त आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति के आनंद में डूब गया। हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और प्रभु श्रीराम के गुणगान ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। हर संत-महंत प्रभु भक्ति में मग्न हो मुस्कुरा रहे थे, मानो प्रभु श्रीराम की कृपा दृष्टि सब पर बरस रही हो। श्रद्धालुओं ने ध्वज पताकाएं फहराते हुए, गाजे-बाजे के साथ भजन-कीर्तन करते हुए परिक्रमा मार्ग पर प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान किया। परिक्रमा मार्ग पर प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद दिखीं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल, चिकित्सा, यातायात और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई थी। मिश्रिख उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी ने यात्रा मार्ग की सुरक्षा और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की, जिससे परिक्रमा सुगमता से आगे बढ़ सके। श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल, प्रसाद वितरण और जलपान की व्यवस्था भी की गई थी ताकि वह बिना किसी कठिनाई के अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

# जायदाद के खातिर बेटों, बहू, और पोतों ने मिलकर मां को जहर देकर मारा

केसरिया हिंदुस्तान
मोहित यादव लव




**एटा** जनपद के जलेसर कोतवाली में विधि विज्ञान प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद सगे बेटे बहुओं और पोतों के विरुद्ध अपनी सगी मां को जायदाद के खातिर जहर देखकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला दर्ज हुआ है।पुलिस ने मृतिका के एक पुत्र योगेंद्र पाल सिंह पुत्र श्यौराज सिंह निवासी सिलामई थाना जलेसर की लिखित तहरीर पर गम्भीर धाराओं में तीन बेटों,तीन बहुओं और तीन नातियों के विरुद्ध षड्यंत्र के तहत खाने में जहर देकर हत्या करने का मामला दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार घटना फरबरी वर्ष 2023 की है।शिकायत कर्ता बेटे ने लिखित तहरीर बिसरा रिपोर्ट आने के बाद जलेसर कोतवाली में सौंप कर मामला दर्ज करवाया है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि वह आगरा में रह कर बच्चों की पढ़ाई लिखाई करवा रहा था।मां ज्यादातर मेरे पास रहती थी कभी कभी भाइयों के पास आती जाती रहती थी। मां पवित्रा देवी पत्नी श्यौराज सिंह बुजुर्ग थी।इसलिए गुमराह करके सगे भाई रवेंद्र पाल सिंह,विजेंद्र पाल सिंह,नरेंद्रपाल सिंह पुत्र श्यौराज सिंह ने अपने बच्चों के नाम गांव और शहर की वसीयत करवा ली।तभी मां ने जानकारी दी की उन्होंने वसीयत को खंडित करवा दिया है।लेकिन षड्यंत्र के तहत दबाव बना कर मेरे भाई की तीनों पत्नियों भूरी देवी पत्नी रविंदरपाल,ज्ञान देवी नरेंद्र पाल,केला देवी पत्नी बिजेंद्र पाल ने दान पात्र लिखवा लिया ।इसी दौरान उन्होंने मुझे बताया कि ये लोग मुझे मारने की प्लानिंग कर रहे है।क्योंकि उन्होंने ये कह दिया कि वह योगेन्द्र पाल के पक्ष में कोर्ट में बयान देंगी।कोर्ट में फरबरी की 17 तारीख वर्ष 2023 तय थी लेकिन मेरे भाई और उनकी पत्नियों और तीन भतीजों बंटी,गौरव,अखिलेश ने मार दिया ।मैने तभी हत्या करने का शक जाहिर किया था लेकिन पोस्टमार्टम के बाद बिसरा सुरक्षित कर लिया गया और रिपोर्ट आने का इंतजार करने को कहा गया।विसरा रिपोर्ट दो वर्ष के बाद आने के बाद मैने लिखित तहरीर देते हुए जलेसर कोतवाली में लिखित तहरीर दी है।मामले पर जलेसर थाना प्रभारी सुधीर राघव ने जानकारी देते हुए बताया कि तहरीर प्राप्त कर एफ आई आर पंजीकृत कर ली गई है।नौ लोगों के विरुद्ध षड्यंत्र के तहत हत्या करने का आरोप है मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# बीडीओ और एडीओ पंचायत के स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन

केसरिया हिंदुस्तान
मोहित यादव लव




एटा की विकासखंड अलीगंज में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ अशोक रतन शाक्य की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी गोपाल गोयल और सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रवीण सक्सेना के स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन विकासखंड के कार्यालय में संपन्न हुआ वहीं नवागत खंड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी पंचायत का स्वागत किया। इस मौके पर विकासखंड के लेखाकार अनुपम मिश्रा ने खंड विकास अधिकारी गोपाल गोयल के कार्यकाल के संबंध में यादें ताजा की और उनके कार्य कुशलता के बारे में सभी कर्मचारियों और ग्राम प्रधानों को अवगत कराया। वही सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम प्रधानों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर भावभीनी विदाई की गई वहीं नवजात अधिकारियों को माला पहनकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर अशोक रतन शाक्य ने उनके कार्य कुशलता के बारे में बताते हुए कहा कि बीडीओ अलीगंज द्वारा क्षेत्र की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया गया किसी भी फरियादी को कार्यालय से निराश होकर नहीं लौटना पड़ा और वहीं क्षेत्रीय विकास में विशेष योगदान उनके द्वारा दिया गया जिसकी वजह से क्षेत्र पंचायत द्वारा विकासखंड क्षेत्र में करीब 20 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ और सामुदायिक शौचालय सहित अन्य योजनाओं पर प्रभावी रूप से कार्य किया गया। वहीं सभी सचिव सुनिश्चित करें कि किसी भी ग्रामीण को जन्म मृत्यु जैसे छोटे कार्यों के लिए भटकना न पड़े उनके कार्य प्राथमिकता के साथ जल्दी से जल्दी किए जाएं।इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष ललित मोहन मिश्रा, अखिलेश सिंह राठौर, अजीत प्रताप सिंह, बीएमएम गंगा राम, प्रेम सिंह, सहित तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत अधिकारी, ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।

# आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न, पारदर्शी ढंग से हुआ आवंटन



**उरई/जालौन।** आबकारी विभाग द्वारा जनपद में देसी शराब, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप और भांग की दुकानों के आवंटन के लिए ऑनलाइन ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। यह प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण और पारदर्शी सपंन्न हुई। जिसमें नोडल अधिकारी मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे और जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की मौजूदगी में दुकानों का आवंटन किया गया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित इस ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान कुल 225 देसी शराब की दुकानें, 84 कंपोजिट शॉप, 02 मॉडल शॉप और 05 भांग की फुटकर दुकानें आवंटित की गईं। मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने कहा, कि सरकार की मंशा है, कि सभी नीतिगत कार्य पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न हों। उन्होंने कहा कि ई-लॉटरी प्रक्रिया से दुकानों का आवंटन बिना किसी हस्तक्षेप के निष्पक्षता से किया गया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा, कि यह प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी रही, जिससे सभी आवेदकों को समान अवसर मिला। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति के तहत शराब और भांग की दुकानों के आवंटन में ई-लॉटरी प्रणाली को अपनाकर निष्पक्षता सुनिश्चित की गई है। आबकारी अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने कहा, कि सफल आवेदकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर लाइसेंस फीस जमा करनी होगी और तय नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा आबकारी निरीक्षक मुकेश प्रताप सिंह, आदि अधिकारी सहित आवेदक मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दुकानों पर की गई सेंपलिंग की कार्यवाही

**उरई/जालौन।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील जालौन अंतर्गत अलग-अलग दुकानों से विभिन्न प्रकार के खादय पदार्थों का नमूना संग्रहीत किया गया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ.प्र. लखनऊ व जिलाधिकारी जालौन के निर्देशानुसार आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विनय कुमार मौर्या उपजिलाधिकारी जालौन के नेतृत्व में डॉ. जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त खाद्य, प्रेम कुमार त्रिपाठी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अनिल कुमार शंखवार, कन्हैयालाल यादव, महेश प्रसाद, सुनील कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील जालौन के देवनगर चैराहा स्थित देवांशु अग्रवाल के परिसर से खाद्य पदार्थ पनीर व नमकीन का नमूना संग्रहित किया गया। हरीपुरा जालौन स्थित सन्तोष कुमार पोरवाल के परिसर से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना, पनीर का नमूना, बेसन का नमूना, मिश्रित दूध का नमूना संग्रहित किया गया। सब्जी मण्डी जालौन स्थित सुरेश चन्द्र राठौर के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सरसों का तेल का नमूना संग्रहित किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मनकामेश्वर शिवलिंग स्थापना धूमधाम से

## -विधायक निरंजन ने माथा टेककर सभी के कल्याण के लिए की कामना

**रामपुर/जालौन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा परिसर में नवनिर्मित मंदिर में भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। स्थापना से पूर्व शिव विग्रह की शोभायात्रा 4 मार्च को बड़ी ही धूमधाम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा से नगर भ्रमण कर निनावली मोड़ तक गई थी। जिसमें अस्पताल स्टाफ व कर्मचारियों के साथ नगरवासियों, व्यवसाईयों व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें व प्रतिष्ठान बंद करके शोभा यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन ने आकर भगवान शिव जी के चरणों में माथा ठेक कर सर्वे भवंतु सुखना, सर्वे संतु निरामया की प्रार्थना कर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजपूत के प्रयासों की सराहना की। अस्पताल प्रांगण में शिव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगरवासियों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा के अस्पताल में आने वाले मरीजों में भी उत्साह युक्त हर्ष देखने को मिल रहा था।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा के नए भवन को निर्मित हुए करीब लगभग 10 वर्ष हो गए है लेकिन अभी तक किसी चिकित्सा अधीक्षक ने मंदिर के विषय में विचार भी नहीं किया था। नगर के लोगों में भी यह चर्चा का विषय बना हुआ था, कि इतना बड़ा अस्पताल और प्रांगण में पूजा-अर्चना करने के लिए कोई भी मंदिर नहीं है। लेकिन सूझबूझ कर सरल स्वभाव मृदुभाषी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार राजपूत एमबीबीएस व उनकी अर्धांगिनी डॉ.शिप्रा राजपूत ने मंदिर का निर्माण करा कर समस्त स्टाफ के सहयोग से मंदिर बनवाकर एवं मंदिर में शिव विग्रह की स्थापना करवा कर रामपुरा अस्पताल के विकास में चिंरजीवी हो गए हैं। अब नगर के लोगो और आने वाले मरीजों को पूजा-अर्चना के लिए यहां वहां




भटकना नहीं पड़ेगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ.प्रदीप राजपूत ने बड़े सूझबूझ कर आम राय से नव स्थापित महादेव को मनकामेश्वर नाम दिया। डॉ राजपूत ने विश्वास व्यक्त किया है, कि इस शिव मंदिर पर जो भी सच्चे मन श्रद्धा के साथ पूजा करेगा उसकी सभी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण होगी। डॉक्टर प्रदीप राजपूत ने बताया, कि मंदिर की मूर्ति की स्थापना अकेले कराना संभव नहीं था, मनकामेश्वर महादेव स्थापना का श्रेय हमारे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी डॉ. अरुण जादौन, डॉ. निशांत लुहारिया, डॉ धर्मेंद्र आर्या, मनोज सचान फार्मासिस्ट, अखिलेश पाल, सुशील कुमार गुप्ता, विनय चतुर्वेदी, शिव कुमार, गोविंद सिंह राणा, केदार सिंह सेंगर, नवीन कुमार, चंद्रेश राठौर, यशवीर सिंह, मीरा विश्वकर्मा, मोहित तिवारी, सूरज कुमार, मुकेश कुमार, संदीप, बृजनरेश, लाल सिंह, राहुल, जीशान, शिव प्रताप, जीतू, ऊदल, एवं समस्त आशाओं आदि स्टाफ का सहयोग रहा।

आचार्य कृष्णा दुबे व उनके सहायक योगेंद्र नारायण तिवारी पप्पू ने मंत्रोच्चारण कर विधि-विधान से शिवजी की स्थापना कराई। सर्व प्रथम शिव विग्रह की शोभा यात्रा निकाली गई इसके बाद जलाभिषेक संस्कार, शिवशयन, रुद्राभिषेक, अग्नि स्थापना आदि मंत्रोच्चारण कर विधि-विधान से शिव स्थापना कराई गई। शिव स्थापना का कार्यक्रम तीन दिन तक निरंतर चला।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ.प्रदीप राजपूत ने समस्त स्टाफ के साथ नगर वासियों को शिव विग्रह मनकामेश्वर स्थापना कार्य पूर्ण कराने के लिए सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया है। इस कार्यक्रम आयोजन के अंत तक अमन नारायण अवस्थी पत्रकार, अंजनी कुमार सोनी पत्रकार, नीतेश कुमार पत्रकार, योगेंद्र नारायण त्रिपाठी, सौरभ कुमार पत्रकार आदि मौजूद रहे।

## धोबी समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 8 और 9 मार्च को गातापार में

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




बलौदाबाजार। झेरिया रजक धोबी समाज लवनराज परिक्षेत्र का दो दिवसीय वार्षिक महाअधिवेशन एवं आदर्श विवाह ग्राम गातापार में 8 और 9 मार्च को समाज के राम जानकी मंदिर परिसर में रखा गया है। झेरिया रजक धोबी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष पन्नालाल रजक मीडिया प्रभारी कमलेश रजक ने बताया वार्षिक महा अधिवेशन में आय का लेखा-जोखा एवं सामाजिक समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। साथ ही दसवीं एवं 12वीं में 75त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




खैराबाद सीतापुर । ब्लाक सभागार में अजय विश्कर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि,व खण्ड़ विकास अधिकारी प्रतीक यादव की सयुक्त अध्यक्षता में क्षेत्र पँचायत सदस्य को बैठक आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र के विकास कार्यो पर चर्चा की गई ।उक्त अवसर पर अपूर्व अग्रवाल, एडीओ पंचायत ओमप्रकाश सिंह, एपीओ मनरेगा नितिन गुप्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधानगण मौजूद रहे।

## अबैध खनन करके ला रहे दो ट्रेक्टर ट्रालियों को राजस्व टीम ने दबोचा

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत



पीलीभीत-बरखेड़ा ।क्षेत्र के गाँव गाजीपुर कुंडा के पास देबहा नदी से अबैध खनन करके ला रहे दो ट्रेक्टर ट्रालियों को राजस्व विभाग की टीम ने दबोचा।आज गुरुवार को सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने देवहा किनारे सुबह 8 बजे छापा मारकर अवैध खनन कर रहे दो ट्रैक्टर ट्राली को राजस्व विभाग की टीम ने पकड़ थाने में खड़ा करवा कर कार्यवाही की है।क्षेत्रीय नायब तहसीलदार अवधेश कुमार को मुखविर की सूचना पर अवैध खनन कर रही ट्रैक्टर ट्राली की खबर मिली जिसे तत्काल नायब तहसीलदार पूरी टीम के साथ मौके पर पहुचकर अवैध खनन कर रही ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया जिसे थाना बरखेडा में सुपर्द किया गया। वही खनन माफिया राजस्व विभाग को लाखो का चुना लगाकर काफी समय से खनन का कारोवार कर रहे थे।

# फुटबाल प्रतियोगिता में खोपा ने बरौल को हराया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
सूरज जायसवाल



महंगई दतिमा मोड़-भैयाथान विकासखण्ड के ग्राम बरौल में आयोजित ग्रामीण स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला सदस्य अनुज राजवाडे, बरौल सरपंच पति सरवन सिंह, सचिव देवनारायण राजवाडे सहित चौकी प्रभारी करंजी संतोष सिंह, जनपद सदस्य प्रतिनिधि व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संतलाल प्रजापति, नवनिर्वाचित जनपद सदस्य योगेंद्र प्रताप सिंह, अनिल प्रजापति, रामप्रताप प्रजापति, देवशरण सिंह, ठाकुर प्रसाद राजवाडे, अनूप जायसवाल, महेश प्रजापति, शैलेन्द्र प्रजापति, राजाराम राजवाडे, हरि राजवाडे, अनिल राजवाडे, रौशन शामिल हुए। मुख्य अतिथियो के पहुंचने पर बरौल पंचायत के जनप्रतिनिधि व कमेटी के द्वारा आदिवासी रीति रिवाज से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियो ने फुटबॉल को उछाल कर फाइनल खेल का शुभारंभ किया। फाइनल मैच खोपा व बरौल की टीम के बीच खेला गया। खेल के दौरान दोनों टीमों के बीच संघषपूर्ण मुकाबला चलता रहा। आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। मैच के दौरान दोनों टीम गोल करने में असफल रही। अंत मे पेनाल्टी में खोपा की टीम जीती। खोपा की टीम ने पेनाल्टी में बरौल की टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम खोपा को 15 हजार व शील्ड एवं उपविजेता टीम बरौल को 10 हजार व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान अतिथियों ने कहा कि खेल से हमारी शारीरिक व मानसिक विकास होता है। युवाओं में लगातार पढ़ाई से कई बार तनाव की स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। हमारे देश में खेलों को उतनी प्राथमिकता नहीं मिलती, जितनी शिक्षा को दी जाती है। जिस तरह दिमाग का सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण है। शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते, लेकिन खेल से यह संभव है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में माइलो राजवाड़े, राम नारायण, कमलेश, बिजेंद्र, राजेन्द्र, अंकित, नेपाली सहित अन्य कमेटी सदस्यों की भूमिका रही।

## शादी समारोह में रिसॉर्ट से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला गिरोह सिकंदरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार

दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख /दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)



आगरा* =- शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तमाम गिरोह शहर में अलग अलग जगहों पर शादी समारोह के रिसॉर्ट में वारदातों को अंजाम देकर गहने ,मोबाइल व उपहार में मिले लिफाफों की चोरी कर रहे है ऐसा ही एक मामला सिकंदरा थाना क्षेत्र के रिसॉर्ट का आया है जिसमें आगरा की थाना सिकंदरा पुलिस ने शादी पार्टी के अंदर चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को अरेस्ट किया है. इनमें एक बच्चा भी शामिल है. पुलिस ने इनके पास से 39 लिफाफे सहित अन्य सामान बरामद किया है. क्षेत्र में स्थित रिसॉर्ट में इसी गैंग ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. नये कपड़े पहनाकर बच्चे को शादी में भेजा था जिसने पलक झपकते ही बैग चोरी कर लिया जिसमें ढाई लाख रुपये कैश, ज्वैलरी, मोबाइल व अन्य सामान था.

*रिसॉर्ट में की थी चोरी*

थाना सिकंदरा पुलिस को एक व्यक्ति ने सूचना दी थी कि एक मार्च को शादी समारोह में वह परिवार के साथ गया था. यहां से उसकी बेटी का पर्स किसी ने चोरी कर लिया. पर्स में फोन और ढाई लाख रुपये कैश व गहने थे. पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया था. वहीं 4 मार्च को एक अन्य घटना में रिसोर्ट के अंदर से भी आत व्यक्ति द्वारा बैग चोरी किए जाने की सूचना पुलिस को मिली. बैग में लिफाफे, मोबाइल फोन, पर्स व ढाई लाख रुपये कैश था.

## ग्राम पंचायत सदस्यों ने ग्राम प्रधान पर लगाए गंभीर आरोप

### कुछ दिन पूर्व मनरेगा कार्य में घोटालेबाजी करने के आरोप में अधिकार हुए थे सीज।

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत




पीलीभीत-बीसलपुर। ग्राम पंचायत नांद के प्रधान पर ग्राम पंचायत सदस्यों ने प्रधान के खाते में रुपये लगाये जाने के आरोप में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर प्रधान के खिलाफ जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग की थी। जिलाधिकारी ने टीम गठित कर प्रधान की जांच करायी है।

ग्राम पंचायत नांद के ग्राम प्रधान के खाते में विकास कार्य के रुपये लगाये गये। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित कई अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरेश कुमार मौर्य जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी व शैलेन्द्र कुमार सिंह सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग को जांच किये जाने के निर्देश दिये थे। जिस पर 27 फरवरी को पंचायत भवन में जांच करनी थी। लेकिन सहायक अभियंता प्रयागराज न्यायालय में जाने के कारण जांच नहीं हो सकी। जिसके सन्दर्भ में आज दोनों अधिकारियों ने मामले की जांच की है। कुछ दिन पूर्व मनरेगा कार्य में प्रधान हरिओम के द्वारा किये जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की गयी थी। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा जांच कराने के बाद तथ्य सही पाये जाने पर अधिकार सीज कर दिये गये थे। अधिकारियों ने मामले की जांच कर जिलाधिकारी को सौंप दी है।

# बीडीओ नीरू मलिक ने ब्लॉक मुजफ्फराबाद का अतिरिक्त प्रभार संभाला

### कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगीः बीडीओ नीरु मलिक

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
सहारनपुर ब्यूरो चीफ जाती राम

मुजफ्फराबाद आज दिनांक 06=03=2025 दिन बृहस्पतिवार को ब्लाक मुजफ्फराबाद में नवनियुक्त खंड विकास *अधिकारी नीरू मलिक* ने अतिरिक्त कार्यभार संभाला। ब्लॉक के निवर्तमान बीडीओ अब्दुल वहाब के फरवरी में सेवानिवृत्त होने के कारण जिलाधिकारी के आदेशानुसार बीडीओ पुंवारका नीरू मलिक को ब्लॉक मुजफ्फराबाद का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया। बीडीओ नीरू मलिक ने बताया कि ब्लॉक के विकास कार्य को जमीनी स्तर पर कराना सरकार की ओर से संचालित योजनाओं को सफलतापूर्वक कार्यान्वयन कराना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी।द्ध

द्धइस दौरान एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार,एडीओ समाज कल्याण त्रिलोचन सिंह, प्रवीन कुमार शर्मा, प्रवीन कुमार, अंकुर कुमार, कपिल तोमर, राजीव सैनी जिला संयोजक ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, कमल राणा अध्यक्ष ब्लॉक मुजफ्फराबाद दानिश सिद्दीकी जिलामंत्री उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी एसोसिएशन,वैभव




निर्वाल,अनुराग पटेल, राजीव कुमार,प्रदीप काम्बोज,पुष्पेंद्र रोहिला, संजय काम्बोज,अनिल प्रजापति, अनुज विश्नोई, अर्जुन सिंह, कपील तोमर, अजय कुमार,आदि समस्त स्टाफ ने नवागत बीडीओ के पद ग्रहण करने पर उन्हें बुके देकर स्वागत किया। पद ग्रहण करने के बाद उन्होंने कार्यालय में ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारीयों, तकनिकी साहयक समेत समस्त पटल के लिपिकों के साथ बैठक कर उनका परिचय प्राप्त किया। बैठक के दौरान नवागत बीडीओ ने विकास कार्यो मनरेगा प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना शौचालयों व गोशाला सम्बंधित कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बीडीओ नीरू मलिक ने शासन की मंशा अनुरूप ग्रामीण वासियों की शिकायतों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराए जाने व आम जनमानस द्वारा पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण शिकायत का निस्तारण किये जाने। के समस्त सचिवों को निर्देश दिए। इस दौरान रजनीश कुमार,मौ0 तालिब, राजबीर सिंह, संदीप कुमार,राजकुमार, संजय सैनी,कन्हय्या पुंडीर,ईश्वर सिंह, सचिन कुमार आदि लोग मौजूद रहे

## करोड़ो की परियोजनाओं का सदर विधायक ने किया भूमि पूजन

# ,आनंद घाट पर बनेगा बनारस घाट जैसा गंगा आरती स्थल : सदर विधायक पंकज गुप्ता

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
अश्वनी शेखर(ब्यूरो उन्नाव)

*शुक्लागंज/गंगाघाट नगर पालिका क्षेत्र की वृहद समस्याओं से नगर की जनता को निजात दिलाने का बीड़ा सदर विधायक पंकज गुप्ता ने उठाया विधायक ने सदन में अपना पक्ष रखते हुए गंगाघाट की कई वृहद समस्याओं के लिए आवाज उठाई तथा उन समस्याओं का जल्द निवारण करने के लिए सरकार से नगर शुक्लागंज के लिए करोड़ों की परियोजनाओं का प्रस्ताव भी पास कराया जिनमें नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगाघाट के आनंद घाट पर बनारस घाट जैसा आरती स्थल बनवाने के लिए सरकार से



करीब 1 करोड़ 6 लाख का प्रस्ताव पास कराया वहीं नगर के पोनी रोड मार्ग का चौड़ीकरण करने के लिए करीब 11 करोड़ का प्रस्ताव पास कराया साथ ही सदर विधायक पंकज गुप्ता ने नगर पालिका क्षेत्र के शक्ति नगर इलाके में गंगा कटान रोकने हेतु मार्जिनल बांध निर्माण हेतु करीब 1 करोड़ 75 लाख का प्रस्ताव पास कराया नगर गंगाघाट शुक्लागंज के लिए करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात मिलने पर शुक्लागंज की जनता ने सदर विधायक पंकज गुप्ता का बीते गुरुवार को जगह जगह स्वागत सम्मान किया साथ ही विधायक ने पोनी रोड मार्ग के चौड़ी करण के लिए पोनी रोड तिराहे पर पूजन किया वही पालिका क्षेत्र के शक्ति नगर इलाके में मार्जिनल बांध के लिए पूजा अर्चना की तत्पश्चात शुक्लागंज के आनंद घाट पर बनारस घाट जैसा आरती स्थल बनवाने के लिए विधायक ने भूमि पूजन भी किया करोड़ों की परियोजनाओं का प्रस्ताव पास होने पर नगर की जनता ने सदर विधायक पंकज गुप्ता का तहे दिल से धन्यवाद किया नगर में विधायक का स्वागत समारोह व भूमि पूजन में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्षा कौमुदी पांडे, पालिका अध्यक्षा प्रतिनिधि संदीप पांडे,मंडल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी,अनुराग अवस्थी,आनंद अवस्थी,धीरज सिंह,प्रवीण दुबे,गोरे लाल,चंद्रकांती सिंह आदि मौजूद रहे।*

## अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो,चार सवार हुए घायल , प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर किया गया रेफर

केसरिया हिंदुस्तान
मोहित यादव लव

एटा जनपद के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र स्थित सिंह पंजाब ढाबे के समीप तेज रफ्तार सवारियों भरा ऑटो पलट गया।हादसे के बाद चीख पुकार मच गई।सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से एटा स्थित मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से दो घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।जानकारी के अनुसार सवारियों से भरा ऑटो एटा की ओर आ रहा था तभी मैक्स पिक अप ने ऑटो को ओवर टेक किया ।अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया ।घटना के बाद चीख पुकार मच गई आस पास के लोग हादसा देख दौड़ कर आए और ऑटो में फंसे



लोगों को बाहर निकाला पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से एटा स्थित मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।हादसे में सुमित पुत्र जानकी प्रसाद निवासी जटोली रामनगर थाना निधौली कलां,ऊर्जेश कुमार पुत्र अरविंद कुमार उम्र 21 वर्ष,सुखदेवी पत्नी केहरी सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी खंजापुर थाना निधौली एटा,कुलदीप पुत्र केहरी उम्र 10 वर्ष घायल हुए हैं।मामले पर थाना प्रभारी कोतवाली देहात आर के सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और घायलों को एटा स्थित मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है दो युवकों को गम्भीर चोट आई है एक महिला और एक बच्चा घायल हुआ है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मा. डा. बब्बू सारंग जनपद न्यायाधीश बांदा द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा** * - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी दिनांक 08 मार्च, 2025 दिन शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 05 मार्च, 2025 को प्रातः 10¬15 बजे दीवानी न्यायालय परिसर-बांदा से माननीय डा0 बब्बू सारंग, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर नगर भ्रमण हेतु रवाना किया गया। प्रचार वाहन भ्रमण का उद्देश्य जनपद व तहसील स्तर पर आगामी दिनांक 08.03.2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन /वादकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ दिलाया जाना हैं। इस अवसर पर डा0 बब्बू सारंग, जिला जज के साथ कमलेश दुबे अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत-बांदा, चन्द्रपाल द्वितीय, प्रथम अपर जिला जज बांदा, डा0 विकास श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश (एससी. एसटी.) बांदा, निरन्जन कुमार, अपर जिला जज (डीएए0) /



नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत बांदा,छोटेलाल यादव, अपर जिला जज (ई.सी. एक्ट) बांदा, गुणेन्द्र प्रकाश, अपर जिला जज (पंचम) बांदा, हेमन्त कुमार अपर जिला जज (पॉक्सो) बांदा, श्रीमती पल्लवी प्रकाश, अपर जिला जज (त्वरित पथ) बांदा, हेमन्त कुमार अपर जिला जज (पॉक्सो) बांदा, श्रीपाल सिंह अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-बांदा,भगवानदास गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बांदा, श्रीमती गरिमा सिंह, सिविल जज (सी0डि0)-बांदा, श्रीमती सुचेता चौरसिया, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (रेल्वे) बांदा, सुश्री वरुणा बशिष्ठ, सिविल जज (सी0डि0/ त्वरित) बांदा, ब्रम्हदत्त सिंह-सदस्य स्थायी लोक अदालत बांदा रवि शंकर, जिला अग्रणी प्रबन्धक बांदा, सी0ओ0 सदर बांदा, श्रीमती कविता अग्रहरि-वरि0लि0, राशिद अहमद-डी.ई.ओ. व नासिर अहमद के साथ पराविधिक स्वयं सेवक श्रीमती सुमन शुक्ला,राहुल सिंह सुश्री रिन्की अहिरवार, अशोक त्रिपाठी,देवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहें।

दिनांक 08 मार्च, 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन वाद, सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर वाद, भरण-पोषण सम्बन्धी वाद, चेक बाउन्स व मोटर यान अधिनियम सम्बन्धी वाद, शमनीय दाण्डिक वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद, बैंक रिकवरी, श्रम, बीमा, बिजली व टेलीफोन सम्बन्धी वाद, जलकर निर्धारण, नगर पालिका कर निर्धारण के विरुद्ध अपील आदि का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा।

इस सम्बंध में समस्त विधि व्यवसायियों, वादकारी जनता एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से अपील है कि आप अपने-अपने वादों के निस्तारण हेतु दिनांक 08 मार्च, 2025 दिन शनिवार को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद नियत कराते हुए जरिये सुलह-समझौता निस्तारण करावें तथा इस अवसर का लाभ उठावें।

# महापौर राम नरेश राय समेत 27 भाजपा व 11 कांग्रेस और दो निर्दलीय ने लिया शपथ

**अजीत नारायण**

चिरमिरी की जनता को भाजपा का जनप्रतिनिधि चुनने के लिए धन्यवाद - किरण सिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा*

चिरमिरी /समाचार/ नगर पालिका निगम चिरमिरी परिसर में नवनिर्वाचित महापौर राम नरेश राय एवं 40 वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन आज सम्पन्न हुआ। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, विशिष्ट अतिथि किरण सिंह देव,श्याम बिहारी जायसवाल रहे।महापौर राम नरेश राय एवं पार्षदों को कलेक्टर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।विदित हो कीवनगर पालिका निगम चिरमिरी में पांचवें महापौर के तौर पर रामनरेश राय ने शपथ ली और शपथ लेते ही उन्होंने चिरमिरी के विकास को तीव्र गति से करने के की बात कही वही निर्वाचित कांग्रेस के पार्षदों ने शपथ





ग्रहण समारोह से दूरी बनाए रखा।कांग्रेस के सभी निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण निगम में बनाए गए निगम के कलेक्टर के चेंबर में संपन्न कराया गया।

ज्ञात रहे कि नगर पालिक निगम चिरमिरी के भाजपा प्रत्याशी राम नरेश राय को 18891 मत प्राप्त हुए थे वहीं कांग्रेस के डॉ विनय जायसवाल को 13199 मत से संतोष करना पड़ा था। चिरमिरी के नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत से आश्वस्त भाजपा जनप्रतिनिधियों ने पूरे जोश से आज शपथ लेते हुए वार्ड और क्षेत्र के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव 2025 के नतीजों के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो चुका है यह सुशासन का प्रमाण पत्र है। निश्चित रूप से माननीय विष्णु देव साय चिरमिरी के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होने देंगे। चिरमिरी का संपूर्ण विकास स्थायित्व, बेरोजगारी और नगर की साफ सफाई और मूलभूत सुविधा देने का हमने संकल्प लिया है। आज का शपथ ग्रहण समारोह डबल इंजन की सरकार को ट्रिपल इंजन का तोहफा जनता ने दिया है जिसके पद और गोपनीयता की शपथ कलेक्टर एमसीबी ने दिलाई वही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि सबसे पहले चिरमिरी की आम जनता, माता बहनों का धन्यवाद अर्पित करता हु जिन्होंने भाजपा का महापौर बनाया और साथ ही 27 भाजपा पार्षदों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। उन्होंने विष्णु देव सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जनता ने 14 माह के कार्यकाल को देखी है और वो सरकार के कामों से खुश है। इन 14 माह में गांव और शहर सभी में जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंची और अब भाजपा का शहर सरकार बनने से बड़े ही तेजी से स्थानीय क्षेत्रों का विकास होगा।

# महाकुम्भ-2025 के सफल समापन के उपरांत प्रयागराज से लाए गए संगम के पवित्र जल का आम जनमानस में पुलिस लाइन् में किया गया वितरण

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

बांदा - महाकुम्भ-2025 के सफल समापन के उपरांत मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इच्छानुरुप त्रिवेणी संगम के पवित्र जल का आमजनमानस एवं श्रद्धालुओं में सभी जनपदों में वितरण किया जा रहा है इसी क्रम में आज दिनांक 05.03.2025 को पुलिस लाइन में श्रद्धालुओं के लिए पवित्र जल का वितरण किया गया । बता दें कि जनपद बांदा से महाकुंभ में प्रयागराज ड्यूटी पर लगे फायर टेण्डर में ड्यूटी से वापस आते समय लगभग 4500 लीटर संगम का पवित्र जल बांदा लाया गया था । आज पुलिस लाइन



में राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी व मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा पवित्र जल के विधिवत पूजन अर्चन के उपरांत श्रद्धालुओं को जल वितरित किया गया

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा ने 15 मार्च 2025 को होली अवकाश की मांग की

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

***बांदा** -राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बांदा ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बांदा को प्रेषित कर 15 मार्च 2025 को होली अवकाश घोषित करने की मांग की। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी अवकाश तालिका में परिषदीय विद्यालयों में 13 मार्च 2025 व 14 मार्च 2025 को होलिकोत्सव पर्व का



अवकाश है। 15 मार्च 2025 को विद्यालय खुल रहे हैं।

बुंदेलखंड में होली का त्योहार होलिका दहन के उपरांत अगले दो दिनों तक मनाया जाता है। यातायात के साधन आदि बंद रहते हैं। अतः इस वर्ष 13 मार्च को होलिका दहन के उपरांत अगले दो दिन 14 व 15 मार्च 2025 को होली का त्यौहार मनाया जाएगा।

जिला अधिकारी बांदा द्वारा घोषित अवकाश तालिका में भी 15 मार्च 2025 को स्थानीय अवकाश (होली)घोषित किया गया है।

# शक्ति जिले के प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष द्रौपदी निविरोध निर्वाचित हुई जिला पंचायत अध्यक्ष द्रोपदी चंद्रा

**धनेश्वर साहू केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ शक्ति**

**शक्ति** जिला बनने के बाद प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष द्रोपदी चंद्रा निविरोध अध्यक्ष बनी । सक्ती जिला में कुल चार विकासखंड आते हैं जिनमें डभरा ,मालखरौदा शक्ति एवं जैजैपुर शक्ति जिला में 14 जिला सदस्य हैं जिनमे 10 भारतीय जनता पार्टी ,03 कांग्रेस पार्टी तथा 01 निर्दलीय जिला पंचायत सदस्य विजयी होकर आए हैं। शक्ति जिला बनने के पहली बार यहां से जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत



उपाध्यक्ष दोनों निविरोध विजयी घोषित किया गया ।

जिला पंचायत अध्यक्ष निविरोध चुनाव विजयी होने के बाद नगर पंचायत जैजैपुर मैं उनका आत्मीय स्वागत किया गया जहां पर आतिशबाजी के साथ लोगों ने पुष्प हार से उनका स्वागत किया सभी नगरवासियो का खुला जीप से जिला पंचायत अध्यक्ष द्रोपदी चंद्रा ने हाथ जोड़कर स्वागत किया वहीं पर राम जानकी मंदिर में जाकर मत्था टेका इस प्रकार से पूरे नगर में रैलिया निकालकर देव तुल्य जनता का अभिनंदन की, पत्रकार के पूछे जाने पर उन्होंने यह कहीं की ट्रिपल इंजन की सरकार होने से पूरी शक्ति जिला का विकास होगा यही हमारा लक्ष्य है और हम लक्ष्य को किसी भी हालत में पूरा करेंगे हमें सभी लोगों का आशीर्वाद मिला जिनके बदौलत हम आज जिला पंचायत शक्ति के अध्यक्ष बन पाई हूं। रैली में मुख्य रूप से पूर्व विधायक केशव प्रसाद चंद्रा ।पूर्व विधायक , पूव नगर पचायत अध्यक्ष महेंद्र चंद्रा, विष्णु साहू, ,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन,नीलकंठ सोनी ,,सचिन सिंह ,गब्बर तथा भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता दिखाई दिए ।

# आजादी की लड़ाई के शहीदी स्मारक के प्रतीक चिन्ह के लिए सरकार ने इच्छुक कलाकारों से मांगे आवेदन

## आवेदन की अंतिम तारीख एक अप्रैल 2025

## जिसका लोगो फाइनल होगा उसे दिया जाएगा एक लाख रुपये का इनाम

**नूंह,** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। हरियाणा के जिला अंबाला में शहीदी स्मारक में प्रतीक चिन्ह को बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने इच्छुक कलाकारों/ डिजाइनरों और लोगों से आवेदन मांगे है। जिस भी व्यक्ति का सबसे बेहतर प्रतीक चिन्ह होगा उस व्यक्ति को सरकार द्वारा एक लाख रुपए का ईनाम दिया जाएगा। आजादी की पहली लड़ाई 1857 की क्रांति के दौरान शहीद हुए वीर जवानों की याद में 22 एकड़ में राज्य सरकार शहीदी स्मारक का



निर्माण कर रही है जो अंतिम चरण में है। सरकार इस स्मारक को भव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। आगामी दिनों में लोग इस स्मारक के जरिए ना सिर्फ आजादी के इतिहास के बारे में जान पाएंगे बल्कि प्रेरणा भी लेंगे। इस स्मारक को और भव्य बनाने और इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए इस स्मारक में एक खास प्रतीक चिन्ह ( स्र्द्दद्द्रश्) लगाया जाएगा। इस प्रतीक चिन्ह को बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने इच्छुक कलाकारों/ डिजाइनरों और लोगों से आवेदन मांगे है। ऐसे में जो भी व्यक्ति इच्छुक है वो एक अप्रैल शाम पांच बजे तक स्रद्वह्लद्गष्ह्लश्रह्-ह्यद्धड्डद्धद्दद्दस्रह्यड्डद्वड्डद्धह्लड्डद्मञ्जद्दद्वड्डद्बद्य.ष्शद्व पर अपनी प्रविष्टिया भेज सकते है। सरकार ने इसको लेकर कुछ दिशा निर्देश भी जारी किए गए है। इस प्रतीक चिन्ह के लिए सरकार ने खास ध्यान रखा है कि जो भी व्यक्ति इस प्रतीक चिन्ह को बनाएगा उसकी थीम आज़ादी की लड़ाई पर आधारित होनी चाहिए।

# जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेने व शीघ्र निराकरण के निर्देश : नगराधीश

## प्रशासन आमजन को राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध : आशीष कुमार

**नूंह नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान कर उन्हें राहत पहुंचाई जा रही है। इस क्रम में लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। समाधान शिविर में कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान के लिए नगराधीश अशीष कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में नगराधीश आशीष कुमार ने जन शिकायतों को सुना और उनके त्वरित निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। शिविर में राजस्व, नगर निगम, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। उन्होंने सरकार द्वारा आयोजित इस समाधान शिविर की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सकारात्मक व कारगर कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस पहल से आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं, जिससे समय और श्रम की बचत हो रही है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बलौदाबाजार।** प्रार्थी आशा यादव उम्र 30 साल निवासी के.के.वार्ड भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 13 फरवरी की शाम को वह घर में ताला लगाकर अपनी रिश्तेदारी से मिलने बिलासपुर चली गई थी। कि 14 फरवरी को सुबह 09¬30 बजे जब वापस घर आई तो घर के दरवाजे पर लगा हुआ ताला टूटा हुआ था तथा अंदर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवर एवं नगदी रकम 25 हजार को कोई अज्ञात चोर द्वार चोरी कर लिया गया था। रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्रमांक 91/2025 धारा 305(ए),331(4) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा पुलिस





द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपी लखन साहू के के वार्ड भाटापारा एवं सोनू उर्फ आशुतोष निषाद संत माता कर्मा वार्ड भाटापारा को हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी महिला के घर को सूना पाकर घर का दरवाजा एवं आलमारी का लाक तोड़कर उसमें रखे नगदी एवं सोने चांदी के जेवर आदि को चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों से नगदी रकम 5 हजार एवं एक सोने का चैन कुल कीमती 85 हजार कीमत मूल्य का सामान बरामद किया गया है। दोनों आरोपियों को 06 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल का पूर्व छात्र बना मिसाल, विद्याधन स्कॉलरशिप में हासिल की बड़ी सफलता

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव

**शंकरगढ़।** कहते हैं कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती, और इसे सच कर दिखाया है न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, शंकरगढ़ में पिछले साल कक्षा 10 पास करने वाले छात्र यश तिवारी पुत्र राजेश तिवारी ने। संसाधनों की कमी के बावजूद अपनी लगन और परिश्रम से उसने विद्याधन स्कॉलरशिप फाउंडेशन में चयन पाकर अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है। बता दें कि न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल से यश तिवारी ने वर्ष 2024 में हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर अपने स्कूल में टॉप किया था। इसी दौरान उसे विद्याधन स्कॉलरशिप के बारे में विद्यालय द्वारा जानकारी दी गई। उसने इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया और परीक्षा एवं इंटरव्यू के कठिन चरणों को सफलतापूर्वक पार कर यह प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति अपने नाम कर लिया। छात्र की इस सफलता से विद्यालय परिवार ने उसे शुभकामनाएं दी है।






**अब शिक्षा की राह में नहीं आएगी आर्थिक बाधा:** विद्याधन स्कॉलरशिप (सरोजिनी दामोदर फाउंडेशन) के तहत यश तिवारी को कक्षा 11 के लिए ?10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यही नहीं, 12वीं कक्षा में भी उसे ?10,000 की छात्रवृत्ति मिलेगी। इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए अगले 5 वर्षों तक हर साल ?75,000 की सहायता दी जाएगी। सबसे खास बात यह है कि यदि यश देश की किसी शीर्ष यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेता है, तो इस योजना के तहत उसकी पूरी ट्यूशन फीस फाउंडेशन द्वारा वहन की जाएगी। यह आर्थिक सहायता यश जैसे होनहार और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

**पूरे बारा तहसील से केवल दो छात्रों का हुआ चयन :** यह फाउंडेशन प्रति वर्ष पूरे देश से 350 आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का चयन छात्रवृत्ति के लिए करता है। इस बार इस योजना के लिए लगभग 35 हजार छात्रों ने आवेदन किया था। पात्र छात्रों का चयन परीक्षा , इंटरव्यू और वर्चुअल होम विजिट के बाद होता है। इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप के लिए पूरे बारा तहसील से केवल दो छात्रों का चयन हुआ है, जिनमें से एक न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक के पूर्व छात्र यश तिवारी है। इस योजना के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक होता है कि छात्र हाई स्कूल में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंकों से पास हो। परिवार की वार्षिक आय ?2 लाख से कम हो। यश ने इस कठिन प्रतियोगिता में अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर सफलता प्राप्त की है।

**विद्यालय और परिवार में हर्षोल्लास का माहौल:** यश तिवारी की इस उपलब्धि से उसके परिवार, शिक्षकों और विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई है। न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, शंकरगढ़ के प्रधानाचार्य और प्रबंधक ओम प्रकाश गुप्ता, प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा, शीतल सिंह, अनुज मिश्रा, इंद्रजीत मिश्रा आदि ने उसे सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यश के माता-पिता अपने बच्चे को कुछ बनाना चाहते हैं। छात्र की इस सफलता से उनके रिश्तेदार और मित्रों ने भी गर्व जताया है। पिता राजेश तिवारी ने कहा, ऊबेटे की मेहनत और लगन रंग लाई। हमें गर्व है कि उसने अपनी काबिलियत से इतनी बड़ी स्कॉलरशिप हासिल की।

# शंकरगढ़ में फर्जी मेडिकल स्टोर, व पैथोलॉजी के खिलाफ चलेगा अभियान : डॉ. ए.के तिवारी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव

शंकरगढ़ में अभियान चलाकर की जाएगी कड़ी कार्रवाई = डॉ. ए.के तिवारी सीएमओ प्रयागराज






शंकरगढ़ (प्रयागराज) शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य के आसपास में चल रहे फर्जी मेडिकल स्टोर तथा फर्जी पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्र पर अब सख्ती होने जा रही है । इसके लिए पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई करने की योजना बना चुकी है । जल्द ही ऐसे मेडिकल स्टोरों तथा पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्रों पर कार्रवाई की जाएगी जो कि बिना लाइसेंस व पंजीयन के संचालित किए जा रहे हैं । शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास क्षेत्र में लगातार शिकायते प्राप्त हो रही है कि मेडिकल स्टोरों तथा पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्रों के पास लाइसेंस व पंजीयन नहीं है , जिन स्टोर स्वामियों के पास लाइसेंस व पंजीयन है वह तो ठीक है । लेकिन अनेक मेडिकल स्टोर ऐसे हैं जिनके पास लाइसेंस नहीं है , तथा वह भी मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहे हैं । इसी प्रकार से शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास में कुछ निजी पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्र हैं जिनके पास लाइसेंस व पंजीकरण प्रमाण पत्र नहीं है तथा वह भी मरीजों का जांच कर रहे हैं । पिछले साल मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा शंकरगढ़ कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रों में भी कार्यवाही की गई तो वहां पर अनेक मामले ऐसे प्रकाश में आए हैं जो कि बिना किसी अनुमति तथा लाइसेंस के मेडिकल स्टोर तथा पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्र का संचालन कर रहे थे । जिससे कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी । इसी प्रकार की शिकायतें शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास क्षेत्र से भी प्राप्त हो रही है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए.के तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, औषधि निरीक्षक तथा पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया जा रहा है , जिसके द्वारा व्यापक तौर पर अभियान चलाया जाएगा जिसमें बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर तथा पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्र चलाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी ।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

(केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रायबरेली, धर्मवीर यादव




अवैध कटों को चिन्हित कर करायें बन्द- डीएम

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थिति बचत भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉट के निराकरण हेतु सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा की गयी तथा निर्देशि दिये गये कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थल पर साइन बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप इत्यादि का कार्य प्राथमिकता से कराया जाये, इसके साथ ही सुरक्षात्मक दृष्टि से दुर्घटना से बचाव हतु सड़क के डिवाइडर में लगे पेड़ों की छटाई कर झाड़ियों की साफ-सफाई शीघ्र सुनिश्चित करायी जायें। अवैध रूप से निर्मित कटो का चिन्हांकन कर उन्हें प्राथमिकता से बंद कराया जायें। प्रमुख राजमार्गों पर यू-टर्न लेने हेतु साइनेज बोर्ड लगाया जाए, जिससे लोग रॉग साइड में वाहन न चलाये। ब्लैक स्पॉट वाले स्थलों पर स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाये जायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, सीओ सिटी अमित सिंह, एआरटीओ (प्रवर्तन) मनोज कुमार सिंह रहे मौजूद

# मथुरा मंदिर-मस्जिद विवाद पर इलाहाबाद कोर्ट में सुनवाई, एएसआई को पक्षकार न बनाने की मांग

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी




मथुरा की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में हिंदू पक्ष की तरफ से दाखिल की गई डेढ़ दर्जन याचिकाओं पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज एक बार फिर सुनवाई हुई, आज की सुनवाई में सूट नंबर एक और सोलह के हिंदू पक्षकारों ने अपनी याचिका में संशोधन किए जाने की अर्जी दाखिल की, सूट नंबर एक और सोलह के याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में केंद्र सरकार के माध्यम से आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया को भी पक्षकार बनाए जाने की अनुमति दिए जाने की मांग की।

हालांकि मुस्लिम पक्ष ने इस पर आपत्ति दाखिल की, मुस्लिम पक्ष के साथ ही कई हिंदू पक्षकारों ने भी इस पर ऐतराज जताया, कई हिंदू पक्षकारों ने भी सूट नंबर एक के याचिकाकर्ता भगवान श्री कृष्ण विराजमान एट कटरा केशव देव खेवट और सूट नंबर 16 के याचिकाकर्ता देवता भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान की याचिकाओं में संशोधन की इजाजत की मांग खारिज किए जाने की दलील पेश की।

मुस्लिम और हिंदू पक्षकारों की तरफ से कहा गया कि इससे मुकदमे का निपटारा होने में दिक्कत होगी, यह सिविल सूट दो पक्षों के बीच का है और इसमें केंद्र सरकार के माध्यम से आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया को पक्षकार बनाए जाने की कोई जरूरत नहीं है, मामले की सुनवाई जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र की सिंगल बेंच में हुई।

आज की सुनवाई तकरीबन डेढ़ घंटे तक चली, सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने सूट नंबर एक और 16 में संशोधन की इजाजत दिए जाने की मांग वाली अर्जी पर अपना जजमेंट रिजर्व कर लिया, अदालत ने ओपन कोर्ट में अपना आधा फैसला लिखाया, इस मामले में अदालत का फैसला एक-दो दिन बाद आ सकता है, हाईकोर्ट का फैसला सिर्फ दो सूट में संशोधन की इजाजत के बिंदु पर ही आएगा।

# मथुरा में शराब-भांग की 461 दुकानों का हुआ लाटरी ड्रा से आवंटन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी



**मथुरा।** जनपद में शराब की 461 दुकानों का आवंटन लाटरी ड्रा द्वारा किया गया। इसमें 13 ऐसी भी दुकान थीं जिनके लिए सिर्फ एक एक ही आवेदन आया था। आवंटन के दौरान पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में लोगों की भीड़ जुटी रही।

गुरुवार को जनपद में शराब और भांग की दुकानों की लॉटरी की प्रक्रिया आगरा मंडल आयुक्त शैलेंद्र सिंह और जिलाधिकारी सीपी सिंह,पुलिस कप्तान शैलेश कुमार पांडे की मौजूदगी में डैंपियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में हुई।

जिला आवकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में शराब की 461 दुकानों का लाटरी द्वारा आवंटन किया गया। इसमें 9622 लोगों के बीच लाटरी ड्रा का मुकाबका हुआ। जिसमे 196 देशी, 209 कम्पोजिट दुकान, 7 मॉडल शाप और 49 भांग की दुकान थीं। इनके लिए 9624 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें से दो आवेदन पत्र निरस्त किए गए। इस तरह देशी की 196 दुकानों के लिए 3686 आवेदन, 209 कम्पोजिट दुकानों के लिए 3606, 7 मॉडल शाप के 101 और 49 भांग की दुकानों के लिए 2229 आवेदन थे, जिसके आधार पर आवंटन किया गया। इसमें भी देशी की सात, कम्पोजिट की चार, मॉडल शाप एक और भांग की एक दुकान के लिए सिर्फ एक एक आवेदन था।

इस प्रक्रिया के दौरान मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित डैंपियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में भीड़ जुटी रही। बड़ी संख्या में आवेदकों के साथ उनके परिचित भी यहाँ पहुंचे।

# अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा की बैठक में समाज की एकता पर दिया जोर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा झांसी*






गरौठा।अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा की तहसील स्तरीय बैठक बुधवार को कस्बा गरौठा के बजरंग धर्मशाला में आयोजित की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टाड़ा मौजूद रहें।वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भवानी सिंह यादव मिनी ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष प्रवेश यादव,जिला सचिव साहब सिंह यादव,ब्लॉक अध्यक्ष बड़ागांव प्रेम सिंह यादव, एवं जिला पंचायत सदस्य जंगबहादुर सिंह यादव मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम आयोजक तहसील अध्यक्ष हेमन्त यादव द्वारा सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टाड़ा ने कहा कि अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा हमेशा समाज के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।उन्होंने कहा कि समाज के किसी भी व्यक्ति को यदि कोई समस्या होती है तो संगठन उस व्यक्ति की हर संभव मदद करने के लिए तत्पर है।इस अवसर पर एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति (एनजीओ) द्वारा प्रदीप यादव टाड़ा को झांसी का मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।जिलाध्यक्ष भवानी सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा द्वारा लगातार समाज के हितों में कार्य किया जाता है।जिला पंचायत सदस्य जंगबहादुर सिंह यादव ने कहा कि अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा की बैठक महीने में कम से कम एक बार आवश्यक रूप से होनी चाहिए जिससे समाज के लोगों में जागरूकता बनी रहे और वे संगठित होकर समाज हित में निरन्तर कार्य करते रहे।कार्यक्रम में सियाराम यादव सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर, रघुवीर सिंह यादव, दशरथ यादव,अमर सिंह यादव,सुरजन भाई यदुवंशी, इंद्रपाल यादव,श्याम सिंह यादव, एड0आनंद प्रकाश यादव ब्लॉक अध्यक्ष गुरसरांय, डॉ.रामकुमार यादव,संध्या यादव आदि लोगों ने भी अपने अपने विचार रखे और संगठन की एकता एवं मजबूती पर बल दिया।कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लॉक अध्यक्ष बामौर वीरेंद्र सिंह यादव बीरू ने किया।

# कंपनी को बदनाम कर उसमें जुड़े लोगों को बरगला रहे हैं विरोधी दल - मिथलेश

केसरिया हिंदुस्तान कौशाम्बी



कौशाम्बी।गरीबों और जरूरतमंदो को रोजगार देने के उद्देश्य से जनपद के रहने वाले एक शख्स ने फास्ट मोवर नेटवर्क मार्केटिंग नामक कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराकर गरीबों को लाभ पहुंचाने का बीड़ा उठाया।लोग जुड़ते गए और काफिला बढ़ता गया।युवक आगे न बढ़ सके इसके लिए विरोधियों ने मकड़जाल फैलाकर अफवाह फैला दिए।इन अफवाहों का खंडन करते हुए गुरुवार को कंपनी के प्रोपराइटर मीडिया से मुखातिब होते हुए अपना पक्ष रखा और लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया।युवक ने जनपद के जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

कौशाम्बी जनपद के सदर तहसील अंतर्गत भेलखा गांव के रहने वाले मिथलेश कुमार पुत्र मुलायम सिंह ने गरीबों और बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए पांच वर्ष पूर्व फास्ट मोवर नेटवर्क मार्केटिंग नामक एक कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराया। इस कंपनी में आयुर्वेद दवाओं और साड़ियों को बेचने का काम था।जिले के लोग इस कंपनी की मदद को आगे आए और धन देकर मजबूत बनाने लगे।जनपद के सैकड़ो लोगों को रोजगार मिल गया।लोग आयुर्वेदिक दवाओं और साड़ियों की बिक्री के लिए गांव गांव जाने लगे।कंपनी को आगे बढ़ता देख मिथलेश के विरोधियों को नागवार गुजरा और वो मिथलेश को ब्लैकमेल कर धन की मांग करने लगे। ब्लैकमेलरो की बात न मानना मिथलेश को महंगा पड़ गया है। आधा दर्जन विरोधियों ने कंपनी की धन से मदद करने वाले लोगों को भड़काने लगे और अधिकारियों की चौखट में पेश करवाकर मिथलेश पर अनर्गल आरोप लगवाने लगे।इससे आजिज होकर मिथलेश ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया से बताया कि कुछ लोग कम्पनी को मजबूत बनाने के लिए धन देकर सहयोग किए थे।

# मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से
मुस्तफा अली



**सुसनेर-** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादास्पद बयान को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को डाक बंगला चौराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री पटेल से तत्काल माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सरदार सिंह सारका ने कहा कि मंत्री पटेल को आम जनता भिखमंगों की फौज लगती है, लेकिन चुनाव के समय यही जनता उनके लिए भगवान बन जाती है। कांग्रेस नेता आशिक हुसैन बोहरा ने मंत्री के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह जनता और लोकतंत्र का अपमान है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विष्णु पाटीदार, नगर अध्यक्ष कय्यूम खान पठान, इरशाद मोहम्मद कुरैशी, मानसिंह यादव ,रमेश चंद्र राठौर जावेद कुरेशी ,रामनारायण यादव गोवर्धन पाटीदार ,जगन्नाथ जाट रामेश्वर मेघवाल, दिनेश सेन, नक्कू लाला, सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर मंत्री पटेल अपने बयान पर माफी नहीं मांगते, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।